



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 14, अंक - 85 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 7 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## बिलासपुर जिला प्रशासन की वेबसाइट को मिला राष्ट्रीय प्लेटिनम अवार्ड, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिला प्रशासन की वेबसाइट को शनिवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस वेबसाइट की खासियत व नवाचार के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया है। नईदिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में बिलासपुर के जिला कलेक्टर सौरभ कुमार ने यह अवार्ड ग्रहण किया। बिलासपुर जिला प्रशासन की इस वेबसाइट को दिव्यांगों के अनुकूल बनाया गया है।

बिलासपुर जिला प्रशासन द्वारा किये गये नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जिला प्रशासन की वेबसाइट को राष्ट्रीय प्लैटिनम अवार्ड प्रदान किया गया। बिलासपुर जिला प्रशासन की वेबसाइट को बेस्ट वेब एंड मोबाइल इनिशिएटिव कांम्पलांइथ विथ जीआइजीडब्ल्यू एंड एससीबिलिटी गाइडलाइन की श्रेणी के अंतर्गत यह पुरस्कार दिया गया है।

### दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधा

केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजना डिजिटल इंडिया के क्रियान्वयन में बिलासपुर जिले की वेबसाइट ने नवाचार किया है। एनआईसी (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र) द्वारा तैयार वेबसाइट में केंद्र व राज्य शासन की



योजनाओं की जानकारी अपलोड करने के साथ ही दिव्यांगों के लिए भी इसमें विशेष सुविधा दी गई है। दृष्टिबाधित भी साफ्टवेयर के जरिए इस वेबसाइट में दी गई सूचनाओं को सुन सकते हैं।

### क्रसर के साथ सुनाई देती है आवाज

वेबसाइट में दृष्टिबाधित लोग जहां-जहां माउस का कर्सर घुमाते हैं, वहां लिखी जानकारी आवाज में बदल जाती है। अभी यह सुविधा अंग्रेजी में ही है। आने वाले दिनों में हिंदी में भी यह सुविधा दी जाएगी। इसके लिए एनआईसी के तकनीकी विशेषज्ञों ने काम करना शुरू कर दिया है। खास बात ये कि दृष्टिबाधितों के लिए वेबसाइट में विशेष प्रकार का साफ्टवेयर भी अपलोड किया गया है। इसका उपयोग मुफ्त में किया जा सकेगा। इसके लिए अतिरिक्त राशि नहीं देनी पड़ेगी। इस अवसर पर एनआईसी बिलासपुर के डीआईओ अरविंद यादव और सहायक डीआईओ मनोज कुमार सिंह भी शामिल रहे।

## खास खबर...

### फ्लाइट में महिला पर पेशाब करने का आरोपी बेंगलुरु से गिरफ्तार, यात्रा पर लगी पाबंदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एयर इंडिया के विमान में महिला पर पेशाब करने के आरोपी को दिल्ली पुलिस ने बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि आरोपी शंकर मिश्रा को शुक्रवार रात को ही पकड़ लिया गया था। गौरतलब है कि 26 नवंबर को न्यूयार्क से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान में एक बुजुर्ग महिला पर पेशाब करने वाले शख्स के खिलाफदिल्ली पुलिस के कहने पर आव्रजन ब्यूरो ने लुक आउट सर्कुलर (LOC) जारी किया था। इसके अलावा आरोपी के बारे में जानकारी लेने के सिलसिले में दिल्ली पुलिस की एक टीम आरोपी एस मिश्रा के एक रिश्तेदार से मिलने मुंबई पहुंच गई है और पूछताछ कर रही है। इससे पहले एयर इंडिया ने अपने स्तर पर कार्रवाई करते हुए आरोपी पर 30 दिन की यात्रा पाबंदी लगा दी है। नियमानुसार वह इतनी ही अधिकतम सजा ऐसे यात्री को दे सकती है।

#### आरोपी के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज

दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बुधवार को बताया कि उसने एयर इंडिया द्वारा की गई शिकायत के आधार पर इस हैरान करने वाले मामले में एफ्आईआर दायर कर ली है। मामले में आरोपी के खिलाफ भादंवि की धारा 354, 509 और भारतीय विमानन कानून की धारा 23 के तहत केस दायर किया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिला व आरोपी दोनों दिल्ली में नहीं रहते हैं। पुलिस सूत्रों ने कहा कि महिला के आसपास बैठने वाले यात्रियों से भी पूछताछ की जाएगी।

### बम की धमकी के बाद जापान के विमान की आपात लैंडिंग, क्रु मेंबर समेत 142 यात्री थे सवार

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान में एक विमान को उस समय आनन-फानन में लैंड करवाया गया जब एक अंतरराष्ट्रीय कॉलर ने विमान में बम रखने की सूचना दी। जापान प्रसारण निगम एनएचके ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि विमान शनिवार को टोक्यो के नरीता हवाईअड्डे से फुकुओका जा रहा था और इसी दौरान किसी शख्स ने विमान में बम रखने की सूचना दे दी। बम की सूचना मिलने के बाद विमान में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। इसके बाद विमान को चुबु हवाईअड्डे की ओर मोड़ दिया गया। इसके बाद सभी 136 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को बाहर निकाल लिया गया।

## जनवरी में पड़ रही कड़ाके की ठंड सरगुजा व चिल्फी में दिखी पहली बर्फ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रदेश के कई जिलों में ठंड ने लोगों में कंपकपी ला दी है। प्रदेश में तापमान का आलम यह है कि पहली बार इस सीजन की बर्फभी देखने को मिली है। सरगुजा बेल्ट व चिल्फी घाटी में बर्फ की चादर देखने को मिली है। सरगुजा के अलावा कवर्धा के चिल्फी घाटी में बर्फकी सफेद चादर बिछ गई है। कोरिया जिले में शनिवार को न्यूनतम तापमान 3 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। सरगुजा संभाग के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान न्यूनतम स्टेज पर पहुंच गया है। अंबिकापुर में जहां न्यूनतम तापमान चार से पांच डिग्री के बीच रहा है। वहीं सबसे गर्म जगह की बात की जाए तो बस्तर का जगदलपुर रहा जहां न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार इस जनवरी का महीना ठंडा रहने की उम्मीद है। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शनिवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा। जशपुर में यह 4 डिग्री और सरगुजा में 4.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। बिलासपुर संभाग के जिलों का न्यूनतम तापमान भी 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। वहीं रायपुर संभाग में बलौदा बाजार का तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस तक गिरा है। रायपुर में 11 तो दुर्ग में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री के आसपास रिकार्ड किया गया है।



इसके अलावा राजनांदगांव में 10 डिग्री दर्ज किया गया। बस्तर संभाग में कांकेर जिला सबसे ठंडा रहा है। शनिवार को नारायणपुर में 9.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ है। तापमान में गिरावट के कारण सरगुजा व बिलासपुर संभाग सुबह घने और मध्यम स्तर के कोहरे की चपेट में आ गया था। कोरिया, चिल्फी घाटी और जशपुर के कुछ इलाकों में सीजन की पहली बर्फ देखी गई। यहां पर पानी जमने लगा है। घने कोहरे की वजह से दृष्यता भी कम हो गई है।


### आने कुछ दिनों तक पड़ेगी कड़ाके की ठंड

मौसम विभाग का अनुमान है कि छत्तीसगढ़ में आने वाले कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी। हवाओं की दिशा बदलने के कारण मौसम बदला है। उत्तरी भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण प्रदेश में ठंड बढ़ी है जिसके कारण लगातार पारा गिर रहा है। सुबह के समय हालात ऐसे हैं कि 7 बजे तक सूर्योदय नहीं हो रहा है। इसके कारण लोगों की कहीं न कहीं दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है।

### स्कूलों की टाइमिंग से भी परेशानी

सबसे बड़ी परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। कड़ाके की ठंड के कारण सुबह-सुबह बच्चों को काफी दिक्कतें का सामना करना पड़ रहा है। ठंड के बाद भी स्कूलों का समय बदला नहीं गया है। दूर दराज के स्कूल जाने वाले बच्चों को सुबह पांच बजे जगना पड़ रहा है। दुर्ग भिलाई के अधिकतर स्कूलों की टाइमिंग सुबह की है। जहां दो पालियों में स्कूल लग रहा है वहां सुबह 7 बजे से क्लासेस लग रही हैं।

## जानलेवा साबित हो रही सर्दी, भीषण ठंड में अब तक हार्ट अटैक से 18 की मौत



**कानपुर (एजेंसी)।** कानपुर में ठंड की वजह से हार्ट अटैक पड़ने से 18 लोगों की मौत हो गई। 10 तो अस्पताल ही नहीं पहुंच पाए, जबकि आठ ने कार्डियोलॉजी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं हैलट में ब्रेन अटैक के छह मरीज भर्ती हुए हैं। इनमें दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। ठंड बढ़ने के साथ ही हृदय, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर आदि के मरीजों की समस्या बढ़ती जा रही है।

कार्डियोलॉजी में साल के पहले दिन से पांच जनवरी तक 219 मरीज भर्ती हुए। इनमें से 35 की मौत हो गई। शुक्रवार को इस अस्पताल की इमरजेंसी में 78 मरीज और ओपीडी में 547 मरीज आए। इमरजेंसी कंट्रोल रूम की ड्यूटी अफसर डॉ. रश्मि सिंह के अनुसार सुबह चार बजे से दोपहर दो बजे तक 46 मरीजों को भर्ती किया गया। इमरजेंसी में सुबह सर्वाधिक मरीज आए। 26 के ऑपरेशन हुए। इलाज के दौरान आठ की मौत हो गई। अस्पताल में शहर और आसपास के जिलों से तीमारदार 10 ऐसे मरीज लाए, जिन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

### ऐसे करें बचाव

- बाहर मफलर से कान बांधकर निकलें, दस्ताने पहनें।
- जूते-मोजे पहनकर निकलें।
- तला-भुना, गरिष्ठ भोजन न करें।
- शराब, धूम्रपान और दूसरे नशीले पदार्थों का सेवन न करें।
- रात को ब्लोअर चलाकर न सोएं, कमरा बंद करने के साथ ही ब्लोअर बंद कर लें।

### कार्डियोलॉजी में बना इमरजेंसी कंट्रोल रूम

कार्डियोलॉजी प्रसाशन ने तेजी से बढ़ते हृदय रोगियों की सहूलियत के लिए रोगी सहायता एवं इमरजेंसी कंट्रोल रूम बनाया है। कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर - 7380996666 है।

### हार्ट, बीपी, डायबिटीज के मरीज दुरुस्त करा लें दवाएं

कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉ. विनय कृष्ण ने सलाह दी है कि 60 साल से ज्यादा की उम्र के लोग ठंड में बाहर न निकलें। गर्म कपड़े, टोपी, मोजे पहनें रहें। घर में भी कमरे से सीधे खुले में न जाएं। ताजा व हल्का गर्म खाना खाएं। रात में 7 से 9 बजे के बीच भोजन कर लें। गुनगुना पानी पीयें। ठंडी चीजें न खाएं। हार्ट, एजाइना, बीपी, डायबिटीज के मरीज डॉक्टर से मिलकर दवाओं के डोज सेट करा लें।

## भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने की सन्यास की घोषणा अगले महीने दुबई टेनिस चैम्पियनशिप में आखिरी बार उतरेंगी

**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने सन्यास की घोषणा कर दी है। सानिया मिर्जा लगातार चोट से जूझ रही है और इस वजह से उन्होंने अपने प्रोफेशनल टेनिस करियर से संन्यास का ऐलान कर दिया है। सानिया मिर्जा अगले महीने दुबई टेनिस चैम्पियनशिप में आखिरी बार खेलती दिखेंगी। यह चैम्पियनशिप ही सानिया के करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा।



36 साल की सानिया मिर्जा डबल्स में वर्ल्ड नंबर-1 रह चुकी हैं। सानिया ने पिछले साल ही ऐलान कर दिया था कि वह 2022 के आखिर में संन्यास ले लेंगी। सानिया मिर्जा इस साल का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलेंगी और इसके बाद यूएई में चैम्पियनशिप खेलकर टेनिस को अलविदा कह देंगी।

### सानिया मिर्जा के नाम है यह अवार्ड व खिताब

सानिया मिर्जा अर्जुन अवॉर्ड (2004), पद्म श्री अवॉर्ड (2006), राजीव गांधी खेल रत्न अवॉर्ड (2015) और पद्म भूषण अवॉर्ड (2016) से भी सम्मानित हैं। सानिया ने अब तक 6 बड़ी चैम्पियनशिप में मेडल जीते हैं। उन्होंने डबल्स में ऑस्ट्रेलियन ओपन (2016), विम्बलडन (2015) और यूएस ओपन (2015) खिताब जीता है। इसके अलावा उन्होंने मिक्स्ड डबल्स में भी तीन ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन (2009), फ्रेंच ओपन (2012) और यूएस ओपन (2014) खिताब जीते हैं।

### कोरोना सैंपल की जीनोम सिक्वेंसिंग एम्स में हो सकेगी तैयार हो रहा सेटअप

**ऋषिकेश (एजेंसी)।** अब एम्स में भी कोरोना सैंपल की जीनोम सिक्वेंसिंग की सुविधा मिल पाएगी। जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन मिलने के बाद एम्स में अब लैब का सेटअप तैयार किया जा रहा है। फरवरी में सेटअप पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा। हालांकि अगर जरूरत पड़ती है तो सेटअप तैयार होने से पहले भी एम्स में कोराना सैंपल की जीनोम सिक्वेंसिंग की जाएगी। कोरोना की आशंका को देखते हुए एम्स में पिछले डेढ़ साल से जीनोम सिक्वेंसिंग लैब स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन एम्स प्रशासन को प्रयासों में सफलता नहीं मिल पा रही थी।

## पहाड़ी छत्तीसगढ़ की सड़कों पर भूतों की परेड

श्रीकंचनपथ




परेड का नाम सुनते ही आंखों के आगे देश के गणतंत्र दिवस परेड का दृश्य घूम जाता है. इसमें देश की सेना अपने दम-खम, अपने सजीले बांकपन का प्रदर्शन करती है. पूरा देश इस परेड को सलामी देता है और ये जवान तिरंगे को सलामी देते हैं. अन्यान्य विधाओं में इस तरह के परेड का चलन रहा है. कभी अखाड़ा पार्टियां भी इस तरह की परेड निकालकर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करती थी. शस्त्र पूजन किया जाता था. तीन-चार दशक पहले तक भिलाई की सड़कों से होकर भी अखाड़ा पार्टियों को लोगों ने गुजरते देखा है. धार्मिक आयोजनों पर निकलने वाले ऐसे परेडों को हम झांकी कहते हैं. पश्चिम ओडीशा की शीतल षष्ठी झांकी और भिलाई की प्रसिद्ध शिवजी की बारात भी लोगों का आकर्षण बनते रहे हैं. दुनिया की बात करें तो यूरोप में 17वीं शताब्दी में कार्निवाल का आयोजन प्रारंभ हुआ. 19वीं शताब्दी में यह अमेरिका जा पहुंचा. अपने देश में गोवा का कार्निवाल काफी मशहूर है. कार्निवाल, झांकी या परेड का आयोजन लोगों को जोड़ता है. हजारों की संख्या में लोग यहां अपने-अपने तरीके से अलग-अलग संदेश देने बहुरूपिया भेष में सड़कों पर उतरते हैं. इन्हें देखने के लिए भी लाखों लोग सड़कों के किनारे जुटते हैं. यह एक बढ़िया जरिया है लोगों तक अपने संदेशे पहुंचाने का. छत्तीसगढ़ के खदान क्षेत्र मनेन्द्रगढ़ में इसका आयोजन 30 साल पहले शुरू हुआ और फिर कुछ साल पहले चिरमिरी में शुरू हुआ. भूत-पिशाच, वन्य प्राणी, जोकर, भगवान का स्वांग भरे युवक सड़कों पर उतरकर लोगों को विभिन्न प्रकार के संदेश देते हैं. इनमें पर्यावरण बचाने, वनों की रक्षा करने, वन्यप्राणियों की फिक्र करने, नशाखोरी से दूर रहने, मोबाइल फोन और मोबाइल गेम्स से दूरी बनाने जैसे विषय लिये जाते हैं. यह एक बहुत अच्छा तरीका है लोगों से जुड़ कर अपनी बात उन तक पहुंचाने का. इस आयोजन में छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के कलाकार हिस्सा लेते हैं. पड़ोसी राज्य ओडीशा की बात करें तो शीतल षष्ठी पर्व पर वहां देश भर से वृहन्नलाएं जुटती हैं. कार्निवाल और झांकियां आदिकाल से लोकसंस्कृति का हिस्सा रहे हैं. वक्त के साथ इनपर धूल की परतें जमा हो गई थी जिसे अब युवा स्वयं हटा रहे हैं. यह एक ऐसा मंच है जहां से बड़ी से बड़ी बात बिना किसी लागलपेट के कही जा सकती है. आज जब देश में धर्म और आस्था के विवाद खड़े हो रहे हैं या किये जा रहे हैं, यह विधा और भी प्रासंगिक हो जाती है. सनातन की अवधारणा 卐वसुधैव कुटुम्बकम卐 की है. कहा गया है कि 卐उदार चरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम卐. अर्थात चित्त उदार हो तो पूरी दुनिया एक परिवार की तरह है. 12 जनवरी को देश स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाएगा. शिकागो की धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था 卐मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों...卐. एक यूरोपीय महिला को उन्होंने मां तो दूसरी को कन्या के रूप में स्वीकार किया था. यह हमारी आंखें खोलने के लिए क्या काफी नहीं है?




## संपादकीय

### जातिगत जनगणना

बिहार में जातिगत जनगणना का आगाज एक तरह से नया सामाजिक भविष्य लिखने की ओर बढ़ता कदम है। बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण 7 जनवरी से सभी 38 जिलों में शुरू होगा। इस सर्वेक्षण में पर्यवेक्षकों और वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा लगभग 5.24 लाख सर्वेक्षक और सहायक शामिल किए गए हैं। ज्यादातर शिक्षक, कृषि समन्वयक, रोजगार सेवक, विकास मित्र, क्लर्क, मनरेगा कर्मचारी और आंगनवाड़ी सेविकाओं, सहायक टोला सेवक, ममता और आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी और विभिन्न एजेंसियों के अन्य कर्मचारियों को भी इस बड़े काम में शामिल किया गया है। पहले चरण में बिहार के तमाम घरों को सूचीबद्ध करने का काम होगा। घरों का लोकेशन या नक्शा भी दर्ज किया जाएगा और तमाम जानकारियों को ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा। मार्च-अप्रैल से प्रस्तावित दूसरे और निर्णायक चरण में लगभग 26 तरह की सूचनाएं दर्ज होंगी, जिसमें तमाम तरह के सामाजिक, जातिगत, आर्थिक आंकड़े शामिल होंगे। यह एक तरह से बिहार का पहला विस्तृत भौगोलिक, सामाजिक सर्वेक्षण होगा। जाति के मामले में बिहार के पास स्पष्ट आंकड़े होंगे, जिनके आधार पर विकास योजनाएं लागू करने में सुविधा बढ़ जाएगी। बिहार में विगत दो वर्ष से जातिगत जनगणना की मांग चल रही थी। सभी दल इस गणना को लेकर सहमत थे, पर केंद्रीय स्तर से मंजूरी नहीं मिल रही थी। तब बिहार सरकार ने अपने दम पर गणना का बीड़ा उठाया। एक सर्वदलीय बैठक के बाद 2 जून, 2022 को राज्य कैबिनेट ने परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की जानकारी जुटाने सहित जाति आधारित सर्वेक्षण के लिए भी हरी झंडी दिखा दी। गणना का अब फैसला पुराना है और बुनियादी तैयारी में स्वाभाविक ही छह महीने का समय लगा है। सरकार की तैयारी पुख्ता दिख रही है और जिसके नतीजे शायद इसी साल जून से सामने आने लगेंगे। जाति एक सत्य है और बिहार जैसे पिछड़े व तेजी से विकासशील राज्य में पुख्ता आंकड़े बहुत जरूरी हैं। बिहार राज्य अभी तक केंद्र की रीति-नीति के हिसाब से चलता रहा है, लेकिन अब बहुत जरूरी है कि यह राज्य अपनी जरूरतों को देखते हुए विकास का नया भविष्य लिखे। पिछले पचास वर्ष में बिहार और दूसरे विकसित राज्यों में फासला बहुत बढ़ गया है। तमिलनाडु की नीति बिहार में सोलह आना कारगर नहीं हो सकती, अत इस हकीकत को अगर हम समझें, तो जातिगत गणना की भूमिका समझ में आएगी। बेशक, जाति से ऊपर उठकर आचरण करना चाहिए, पर यह हकीकत है कि जाति के आधार पर पूरा व्यवहार चलता है, जिससे सामाजिक और आर्थिक स्थिति भी प्रभावित होती है। जाति के आधार पर आरक्षण व योजनाओं की जरूरत से कोई इनकार नहीं कर सकता। बीत गया वह समय, जब समझा गया था कि जातिगत गणना से समाज में भेदभाव बढ़ेगा। इसी का परिणाम है, आजाद भारत में सरकारों के पास जाति संबंधी परोक्ष आंकड़े तो हैं, पर कभी इन्हें जारी करने की जरूरत नहीं समझी गई। आज यह सोचना भी सही नहीं है कि जातिगत आंकड़ों को कोई नियंत्रित कर सकता है या उनका दुरुपयोग हो सकता है। विकास की एक बुनियाद तो देश में खड़ी हो गई है, अब जरूरत है कि जो लोग अभी भी वंचित हैं, उन तक पहुंचा जाए। बिहार में जातिगत जनगणना के आंकड़ों से अगर वंचितों को सकारात्मक लाभ होता है, तो पूरे देश को इस दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

> “ तमिलनाडु की नीति बिहार में सोलह आना कारगर नहीं हो सकती, अत इस हकीकत को अगर हम समझें, तो जातिगत गणना की भूमिका समझ में आएगी। बेशक, जाति से ऊपर उठकर आचरण करना चाहिए, पर यह हकीकत है कि जाति के आधार पर पूरा व्यवहार चलता है, जिससे सामाजिक और आर्थिक स्थिति भी प्रभावित होती है।

### सबको चाहिए स्नेह

आजकल बहुत सारे बच्चे दुखी घरों में बड़े होते हैं। उन्हें भरपूर स्नेह नहीं मिलता। यदि बच्चों को उनके लड़कपन में उचित स्नेह नहीं मिलता, तो बाद के जीवन में वे शायद ही कभी अपने माता-पिता से प्यार कर पाएं, बल्कि उनके लिए दूसरों को प्यार करना भी मुश्किल हो जाएगा। यह बेहद दुखद बात है। जब बच्चे कुछ बड़े होते हैं और स्कूल में दाखिल होते हैं, तो मदद की उनकी जरूरत शिक्षकों द्वारा पूरी की जानी चाहिए। यदि एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों को न सिर्फअकादमिक शिक्षा देता है, बल्कि उन्हें उनके जीवन के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी उठाता है, तो उसके विद्यार्थी आत्मविश्वास व आत्मसम्मान का अनुभव करते हैं, और जो भी उन्हें सिखाया जाता है, वह उनके दिमाग पर अमिट छाप छोड़ता है। इसके उलट यदि कोई शिक्षक अपने विद्यार्थियों के प्रति सच्ची चिंता नहीं दिखाता, तो उसके पढ़ाए विषय बहुत देर तक नहीं टिकते। इसी तरह, यदि अस्पताल में एक डॉक्टर अपने मरीजों के प्रति गहरी मानवीय भावना प्रकट करता है, तो मरीज बेहद सहज महसूस करते हैं और डॉक्टर की हरसंभव बेहतर देखभाल की इच्छा स्वत उपचारात्मक बन जाती है, भले ही उसकी डिग्री कुछ भी हो। वहीं, यदि बेहद काबिल डॉक्टर में मानवीय भावना की कमी है और वह मरीजों के प्रति उपेक्षा का भाव प्रदर्शित करता है, तो मरीज चिंतित ही महसूस करेंगे। और यह एक स्थापित बात है कि रोगियों की भावनाओं से उनके ठीक होने की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसलिए, चाहे हम सचेत रूप से इसके बारे में जानते हों या नहीं, मगर जिस दिन से हम पैदा हुए हैं, मानवीय स्नेह की आवश्यकता हमारे खून में शामिल रही है।

**दलाई लामा**

### संघर्ष की तैयारी

बीकानेर (डाक से)। चूंकि व्यवस्थापिका सभा के अधिकारों पर लगाई गयी विभिन्न रुकावटें, पाबन्दियां व अड़चनें श्री महाराजा साहब द्वारा अपनी जनता पर किये गये दुर्भाग्यपूर्ण अविश्वास की स्पष्ट अभिव्यक्ति हैं, इसलिए यह सम्मेलन इस ऐक्ट (उत्तरदायी शासन) की, जिसमें शासन परिषद का व्यवस्थापिका सभा के प्रति पूर्ण उत्तरदायी होना आवश्यक है, स्थापना की ओर बढ़ाया हुआ कोई कदम मानने में अपनी असमर्थता प्रगट करता है और ऐसे अप्रजातांत्रिक विधान को अस्वीकार करने के लिए जनता का आह्वान करता है- ये शब्द हैं उस प्रस्ताव के जो गत 24 व 25 दिसम्बर को बीकानेर धारा-सभा के राजभक्त सदस्य श्री बद्रीप्रसाद व्यास के सभापतित्व में होने वाले निर्दल सम्मेलन में स्वीकार किया गया। उक्त प्रस्ताव में राजसभा के नाम से कहलाने वाली ऊपर की सभा (अपर हाउस) को पूर्णतया हटा देने की मांग की गई और मांग की गई है कि महाराज सत्ता व्यवस्थापिका सभा के प्रति उत्तरदायी शासन परिषद को सौंप दें। बीकानेर राज्य की जनता की एकमात्र प्रतिनिधि संस्था प्रजा परिषद की प्रतिनिधि सभा, निर्दल सम्मेलन से एक सप्ताह पूर्व ही गत 17-18 दिसम्बर की बैठकों में स्वीकृत एक लम्बे प्रस्ताव द्वारा इस सुधार घोषणा को अस्वीकार कर चुकी है। प्रतिनिधि सभा के इस प्रस्ताव में बीकानेर सरकार के नागरिक अधिकारों को कुचलते रहने, साम्प्रदायिक संस्थाओं को प्रोत्साहन देने और छात्रों, मजदूर-किसानों व सिखों के दमन की नीति की कड़ी निन्दा के बाद घोषणा के बारे में कहा गया है कि सार्वभौम सत्ता जनता की न माना जाना...ऐसी अप्रजातंत्रीय बातें हैं, जो घोषित विधान को जनता के लिए सर्वथा अस्वीकार्य बना देती हैं। प्रस्ताव में आगे बालिग मताधिकार एवं संयुक्त निर्वाचन प्रणाली द्वारा निर्मित विधान के अन्तर्गत उत्तरदायी शासन की कायमी और बीच की अवधि के लिए जनता की विश्वास प्राप्त अन्तरिम सरकार की स्थापना को ही सब बातों का इलाज बताकर कार्यसमिति को पूर्ण अधिकार दिया गया है कि वह महाराजा से मिलकर इस विषय में कोई सम्मानपूर्ण मार्ग निकाले और यदि उचित समझौता न हो तो संघर्ष की सब आवश्यक कार्रवाई करे।

> “ इसे असम में मोहुरा कहा जाता है, तो बिहार, झारखंड, बंगाल और यूपी के अधिकतर हिस्से में पिट्ठा। बिहार के ही मिथिला इलाके में इसे बगिया के नाम से पुकारते हैं, तो ओडिशा में पीठा कहते हैं।

# पिष्टक से पिट्ठा तक अनगिनत स्वादों का सफर

रविशंकर उपाध्याय

बिहार, झारखंड, ओडिशा, बंगाल, उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में पौष या पूस वह महीना होता है, जब नए धान की खुशबू से घर महकने लगते हैं। यही वह महीना है, जब ठंड अपने चरम पर पहुंचने की ओर अग्रसर होता है। ऐसे में, यहां के घरों में गरम-गरम पिट्ठा अपनी तासीर से ठंडक को कम करने में महती भूमिका निभा रहा होता है। पिट्ठा दरअसल नई फसल आने के बाद के उत्सव का प्रतीक-व्यंजन है। कृषि-प्रधान राज्य होने के कारण जब धान की फसल खेतों से घरों तक आती है, तो पहले उसका चूड़ा बनता है और फिर धान कूटकर बने चावल के आटे से पिट्ठा बनाया जाता है। पूस महीने के साथ यह व्यंजन कुछ ऐसे घुल-मिल गया है कि इसे मगध के इलाके में पूसपिट्ठा भी कहा जाता है।

पिट्ठा शब्द के जन्म की कहानी बेहद दिलचस्प है। संस्कृत में पीसा हुआ पदार्थ पिष्ट कहलाता है, और पीसे हुए आटे को पानी या दूध में गूंथकर गोल या चपटे आकार का बना उबला खाद्य पदार्थ पिष्टक कहा जाता है। पिट्ठा इसी पिष्टक का अपभ्रंश है। महर्षि पाणिनि ने अपनी पुस्तक अष्टाध्यायी में पिष्टक का उल्लेख किया है। इसे सुश्रुत ने विशिष्ट खाद्य पदार्थ माना है। उन्होंने इसके लिए जिस शब्द का प्रयोग किया है, वह है कृतांतवर्ग। पालि साहित्य में पिट्ठ-खादनीय का उल्लेख है, जो आज का पिट्ठा है। बुद्धकालीन समाज और धर्म पर अध्ययन करने वाले इतिहासकार कहते हैं कि चावल की लप्सी से पिष्टक बनता था और आज भी पिट्ठा बनाने में उसी विधि का इस्तेमाल होता है। उनकी माने, तो पिष्टक का प्रचलन मध्यवर्गीय और निम्नवर्गीय परिवारों में अधिक था। हालांकि, पिष्टक से पिट्ठा तक की यात्रा में यह सभी वर्गों में नई फसल का मुख्य पकवान हो गया।



पिट्ठा से हम पहले से ही इतने परिचित है कि चाइनीज मोमोज हमारे लिए बिल्कुल अनजाना खाद्य पदार्थ नहीं लगता और न ही नेपाली ममचा, क्योंकि ये दोनों पिट्ठा का ही विदेशी संस्करण हैं। दूसरे देशों में जो पतले 'क्रेप' मशहूर हैं, बेहतरीन पिट्ठे उसका भी मुकाबला करते हैं। इसे असम में मोहुरा कहा जाता है, तो बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के अधिकतर हिस्से में पिट्ठा। बिहार के ही मिथिला इलाके में इसे बगिया के नाम से पुकारते हैं, तो ओडिशा में पीठा कहते हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर बंगाल, ओडिशा और असम के कई इलाकों में पारंपरिक व्यंजन के तौर पर पिट्ठा खासतौर पर खाया जाता है। चूंकि ओडिशा के व्यंजन में नारियल का इस्तेमाल ज्यादा होता है, इसलिए वहां नारियल भरा हुआ एंडुरी पीठा मिलता है, जो वहां की प्रसिद्ध मिठाई है। वहां जगन्नाथ मंदिर में चढ़ाए जाने वाले तमाम तरह के पीठा में एंडुरी पीठा भी शामिल होता है। इसे भुने हुए नारियल में गुड़ और कुछ मसालों को मिलाकर बनाया जाता है, जिसे हल्दी के पत्तों में लपेटकर भाप में पकाया जाता है। ओडिशा में चावल के अलावा सूजी से भी पीठा बनाया जाता है। जिस प्रकार की विविधता देश भर में हमारे इस व्यंजन में देखने को मिलती है, उसकी बेहतर ब्रांडिंग करके मोमोज और पिज्जा जैसे विदेशी व्यंजनों से स्पर्द्धा कराई जा सकती है। पिट्ठा तीखा भी बनता है और मीठा भी। नमकीन के रूप में इसमें दाल डाला जा सकता है, तो ठंड के मौसम में गुड़ मीठे की कमी पूरी करता है। बादाम और गुड़, या तीसी और गुड़ के मिश्रण को चावल के आटे की लोई के बीच में डालकर पका लीजिए, या दाल दे दीजिए। अभी नया आलू बाजार में है, तो उसका चोखा बनाकर भी इसमें भर सकते हैं। पिट्ठा सबको अपने में समाहित कर लेगा। नमकीन पिट्ठा पानी में उबालना होता है, तो मीठा वाला पानी के अलावा दूध में। सबका स्वाद बेमिसाल। जब द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनीं, तो उनके लिए ओडिशा की पारंपरिक मिठाई अरिसा पीठा खासतौर से उनके भाई दिल्ली लेकर गए थे। ओडिशा में खास मौकों पर इस मिठाई को शगुन के तौर पर खिलाया जाता है। अरिसा पीठा बनाने की कमोबेश वही विधि है, जो बिहार में अनरसा बनाने की।

जाहिर है, हर प्रयोग में पिट्ठे का आपको ऐसा स्वाद मिलेगा, जो आपको फिर से इसकी मांग करने पर मजबूर कर देगा। वैसे, पूस का माह बीत चुका है और माघ की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन जब तक ठंड है, तब तक पिट्ठे का स्वाद तो लिया ही जा सकता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# भारत जी-20: डिजिटल वित्तीय समावेशन का वैश्वीकरण

वी. अनंत नागेश्वरन और चंचल सी.
सरकार वित्त मंत्रालय

वित्तीय समावेशन को लंबे समय से आर्थिक वृद्धि और विकास के प्रमुख क्षमता-प्रदाता के रूप में मान्यता दी जाती है। यह गरीबी को कम करने व उत्पादक अर्थव्यवस्था के दायरे में लोगों को सशक्त बनाने और आपस में संपर्क स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रकार, सत्रह सतत विकास लक्ष्यों में से सात के लिए, वित्तीय समावेशन की क्षमता-प्रदाता के रूप में पहचान की गयी है।

वैश्विक वित्तीय संकट की पृष्ठभूमि में, 2010 के अंत में, जी-20 राजनेताओं ने वित्तीय समावेशन को वैश्विक विकास एजेंडे के मुख्य स्तंभों में से एक के रूप में मान्यता दी। उन्होंने वित्तीय समावेशन कार्य योजना (एफआईएपी) का अनुमोदन किया और इसे जी-20 देशों एवं अन्य देशों में लागू करने के लिए वित्तीय समावेशन के लिए वैश्विक भागीदारी (जीपीएफआई) की स्थापना की। इस प्रकार, जीपीएफआई उन देशों के लिए काम करती है, जो जी-20 में शामिल नहीं हैं। तब से, जीपीएफआई द्वारा वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने की दिशा में काफी काम किए गए हैं। इसने कई उपयोगी नीति दस्तावेज तैयार किए हैं और उन्हें लागू किया है, जिनमें डिजिटल वित्तीय समावेशन के लिए जी-20 उच्च-स्तरीय सिद्धांत शामिल हैं। इसने धन-प्रेषण की लागत को कम किया है और सतत औपचारिक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच व उपयोग में वृद्धि की है, जिनके माध्यम से वित्तीय सुविधाओं से वंचित व्यक्तियों, परिवारों और उद्यमों के लिए अवसरों का विस्तार हुआ है।

पिछले एक दशक में विकासशील देशों में अपना खाता रखने वालों की संख्यार लगभग दोगुनी होकर 71 प्रतिशत हो गई है जो कि मुख्यअत: तकनीकी नवाचार के साथ-साथ स्मार्टफोन, फिनटेक और हाई-स्पीड इंटरनेट के माध्यम से वित्त में डिजिटल नवाचार को अपनाने की बदौलत ही संभव हो पाया है। इस अहम बदलाव को जी-20 ने भी नोट किया है। दरअसल, न केवल वित्तीय समावेशन, बल्कि डिजिटल वित्तीय समावेशन भी पिछले कुछ वर्षों से एक प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है।




जी-20 की विभिन्न रिपोर्ट व नीतिगत मार्गदर्शन गैर-सदस्य देशों को अपने यहां और ज्या दा वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी, नवाचार और डिजिटलीकरण का लाभ उठाने के लिए निरंतर प्रेरित करते रहे हैं। हालांकि, एक अहम सवाल यह है कि इस दिशा में व्यालपक प्रगति होने के बावजूद पूरी दुनिया को वित्तीय समावेशन के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों की पूरी क्षमता का सदुपयोग करने से आखिरकार क्या चीज रोक रही है? इसके साथ ही एक सवाल यह भी है कि वित्तीय समावेशन में उल्लेखनीय तेजी लाने के लिहाज से किसी और को नहीं, बल्कि भारत को ही वैश्विक स्तेर पर आशा की किरण क्यों माना जाता है?

पूरी दुनिया की लगभग 31 प्रतिशत आबादी, जिनमें बड़ी संख्याय में महिलाएं, गरीब और कम शिक्षित वयस्क शामिल हैं, के अभी भी औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर रहने को देखते हुए अब डिजिटल वित्तीय इकोसिस्टम पर नए सिरे से विचार करने और डिजिटल वित्तीय समावेशन के लिए इस दिशा में एक नई क्रांति का सूत्रपात करने के तरीके तलाशने का समय अब आ गया है।

इंडिया स्टैक शायद वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के हमारे देश के प्रयासों का सबसे बढ़िया उदाहरण है। स्टैक नीति निर्माताओं, नियामकों, निजी क्षेत्र और उपयोगकर्ताओं जैसे डिजिटल वित्तीय इकोसिस्टम के विभिन्न हितधारकों को एकजुट करता है और पहचान, भुगतान प्रणाली, डेटाबेस, खुले नेटवर्क और खुले इंटरफेस (एपीआई) जैसे घटकों को एक दूसरे के पूरक बनने हेतु एक एकीकृत मंच के रूप में परिवर्तित करता है। इकोसिस्टम से संबंधित इस तरह के दृष्टिकोण ने विकास की गति को एक लंबी छलांग दी है क्योंकि यह दोनों के बीच संतुलन बनाते हुए नियामकों को विनियमित करने और निजी क्षेत्र को नवाचार करने के अनुकूल माहौल को बढ़ावा देता है। अपने नाम के बावजूद, इंडिया स्टैक सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है और इस प्रकार वह दूसरों देशों को मदद और सुविधा प्रदान कर सकता है। इसकी दृष्टि और महत्वाकांक्षाएं हमारी राष्ट्रीय सीमाओं से बहुत आगे तक जाती हैं। स्टैक के मूलभूत स्वरूप (टेम्पलेट) को अन्य देशों- चाहे वे विकसित हों या उभर रहे हों- की उनकी अनूठी जरूरतों के अनुरूप वहां की उपलब्ध परिस्थितियों में भी लागू किया जा सकता है।

इस अनूठे स्वरूप के कारण, पिछले दशक के दौरान, भारत ने 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के मासिक यूपीआई भुगतान को संभव बनाते हुए 1.3 बिलियन आधार पंजीकरण का आंकड़ा हासिल किया है। और जन धन, आधार एवं मोबाइल (जेएएम) की त्रिमूर्ति के तहत 470 मिलियन से अधिक लाभार्थी हैं, जिनमें से 55 प्रतिशत महिलाएं हैं तथा 67 प्रतिशत लाभार्थी ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहते हैं। अब जबकि हमारे सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सिर्फ सात वर्षों का समय बचा है, एक विश्वव्यापी क्रांति के रूप में डिजिटल वित्तीय समावेशन की शुरुआत करने के लिए वित्तीय सेवाओं की इसी गति, मात्रा और गुणवत्ता को आगे बनाए रखने की जरूरत है।

ऐसे वक्त में जब कोलकाता जी-20 की भारतीय अध्यक्षता के अंतर्गत पहली जीपीएफआई बैठक की मेजबानी करने के लिए तैयार हो रहा है, तब प्रमुख मसलों में से एक होगा प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर वित्तीय समावेशन की चुनौतियों को दूर करना ताकि वित्तीय सेवाओं की पहुंच, उपयोग और गुणवत्ता, लोगों के जीवन को बदलने तथा अर्थव्यवस्था में उत्पादकता में वृद्धि करने के तिहरे उद्देश्यों को हासिल किया जा सके।

इस बैठक के साथ-साथ स्कूली बच्चों के बीच वित्तीय साक्षरता और जागरूकता के निर्माण को समर्पित पहल भी होगी। ये आयोजन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और उपक्रमों द्वारा वित्त में ऐसे विभिन्न डिजिटल नवाचारों का प्रदर्शन भी देखेगा, जिन्होंने अंतिम छोर तक पहुंचने में भारत की उत्कृष्ट सफ्लता में योगदान दिया है। दुनिया भर के प्रमुख वक्ता इस विषय पर अपने बहुमूल्य विचार रखेंगे कि वित्तीय समावेशन और उत्पादकता में आगे बढ़ने के लिए कैसे दुनिया के देश अपनी तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठा सकते हैं।

कोलकाता में जीपीएफआई कार्यकारी समूह की पहली बैठक वैश्विक स्तर पर डिजिटल वित्तीय समावेशन में आगे बढ़ने को लेकर भारत के रुख की एक लंबी और समृद्ध यात्रा शुरू कर सकती है।

**(ये उनके व्यक्तिगत विचार हैं।)**

# पेसा एक्ट से होगा जनजातीय समुदाय का आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति में मध्यप्रदेश 15 नवंबर 2022 को उस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जनजातीय समुदाय को जल, जंगल और जमीन के अधिकार देने के लिए पेसा एक्ट लागू किया गया। मध्यप्रदेश पेसा एक्ट लागू करने वाला देश का पहला राज्य है।

प्रदेश के 20 जिलों के 89 जनजातीय बहुल विकास खंड में पेसा एक्ट लागू किया गया है। पेसा एक्ट जनजातीय भाई-बहनों की आर्थिक, सामाजिक उन्नति और उन्हें सशक्त एवं अधिकार सम्पन्न बनाने का जरिया बन रहा है। यह एक्ट समाज के सभी नागरिकों के हित में है। किसी भी गैर-जनजातीय समाज के नागरिक के खिलाफ नहीं है। ऐसे जनजातीय भाई-बहन जो विकास की दौड़ में पीछे रह गये थे, पेसा एक्ट उन्हें मजबूत बनायेगा।

पेसा एक्ट के नियमों के अनुसार अब पटवारी और वन विभाग के बीट गार्ड को गांव की जमीन का नक्शा, खसरा, बी-1 नकल साल में एक बार गांव में लाकर ग्राम सभा में दिखाना होगा, जिससे जमीन के रिकॉर्ड में कोई गड़बड़ी न कर सके। यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है, तो ग्राम सभा को रिकॉर्ड सुधारने की सिफारिश करने का अधिकार होगा। पटवारी को ग्राम सभा की बैठक में भूमि संबंधी विवरण पढ़ कर भी सुनाना होगा।

पेसा एक्ट में प्रावधान है कि शासन की योजना के किसी भी प्रोजेक्ट में किये जाने वाले सर्वे और भू-अर्जन के लिये ग्राम सभा की अनुमति जरूरी होगी। किसी भी जनजातीय नागरिक की भूमि छल-कपट और बल से अब कोई हड़प नहीं सकेगा। यदि कोई ऐसा करता है, तो ग्राम सभा को उसे वापस करवाने का अधिकार रहेगा। पेसा एक्ट बहला-फुसला कर धर्म बदलवाने और फिर जनजातीय समाज की जमीन हड़प लेने की आशंका को समाप्त करेगा। खनिज की खदान, जिसमें रेत, गिट्टी पत्थर की खदान शामिल है, के ठेके पर देना है या नहीं, इसका फैसला ग्राम सभा करेगी। खदान पर पहला अधिकार सोसायटी, फिर गाँव की बहन-बेटी और उसके बाद पुरुष का होगा।




राज्य सरकार ने गांव-गांव में तालाब बनवाये हैं। इन तालाबों का पूरा प्रबंधन ग्राम सभा करेगी। ग्राम सभा तय करेगी कि तालाब में मछली पाले या सिंघाड़े की खेती हो। तालाब से जो आमदनी होगी, वह ग्राम सभा को मिलेगी। सौ एकड़ कृषि क्षेत्र में सिंचाई करने वाले तालाब का प्रबंधन अब सिंचाई विभाग नहीं ग्राम सभा करेगी।

गांव की सीमा के जंगल में होने वाली वनोपज- महुआ, हर्रा, बहेरा आदि को इकठ्ठा करने और बेचने और भाव तय करने का अधिकार ग्राम सभा के पास होगा। तेन्दूपत्ता को तोड़ने और बेचने का अधिकार ग्राम सभा को दिया गया है। इसमें सरकार का किसी भी प्रकार का दखल नहीं रहेगा। सरकार यह काम तभी करेगी, जब ग्राम सभा चाहेगी।

ग्राम सभा ही ग्राम विकास की कार्य-योजना बनायेगी। ग्राम सभा की मंजूरी के बाद ही ग्राम पंचायत को मिलने वाली राशि खर्च की जा सकेगी। काम के लिये गांव से बाहर जाने वाले मजदूरी को पहले ग्राम सभा में यह बताना होगा कि वह कहां काम करने जा रहा है, उस स्थान का पता लिखाना होगा, जिससे उस मजदूर के हितों का ध्यान ग्राम सभा रख सके। यदि कोई बाहर का व्यक्ति गांव में आता है, तो उसे भी ग्राम सभा को बताना होगा। मजदूरों को पूरी मजदूरी मिले, इसका ध्यान भी ग्राम सभा रखेगी। जनजातीय क्षेत्रों में केवल लायसेंसधारी साहूकार ही तय ब्याज दर पर पैसा उधार दे सकेंगे। इसकी जानकारी भी ग्राम सभा को देनी होगी। अधिक ब्याज लेने पर संबंधित साहूकार पर कार्यवाही होगी।

ग्राम सभा की मंजूरी के बिना गांव में शराब और भांग की नई दुकान नहीं खुल सकेगी। किसी शराब दुकान को हटाने की सिफारिश ग्राम सभा कर सकेगी। यदि शराब की दुकान के पास स्कूल, अस्पताल और धर्मशाला है, तो ग्राम सभा उस शराब दुकान को वहां से हटाने की सिफारिश सरकार को कर सकेगी। ग्राम सभा को बिना मंजूरी के खोली गई शराब की दुकानों पर कार्यवाही करवाने का अधिकार रहेगा। ग्राम सभा किसी विशेष दिन को ड्राय डे घोषित करने की सिफारिश कलेक्टर को कर सकेगी।

गांव में शांति एवं विवाद निवारण समिति बनेगी और गांव के छोटे-मोटे झगड़े थाने नहीं जायेंगे। ऐसे झगड़ों को अब ग्राम सभा में ही सुलझाया जायेगा। गाँव के किसी व्यक्ति के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करने के पहले पुलिस को ग्राम सभा को बताना होगा।

पेसा एक्ट ने ग्राम सभा को अधिकार दिया है कि वह आंगनवाड़ी, स्कूल, आश्रम, छात्रावास का निरीक्षण करे और इनके काम ठीक से कराए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत में विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के निरीक्षण और सामजिक अंकेक्षण का अधिकार भी ग्राम सभा के पास होगा।

स्थानीय जनजातीय परंपराओं और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी ग्राम सभाओं की होगी। वे जनजातीय परंपराओं, रूढ़ियों, उनकी सांस्कृतिक पहचान, सामुदायिक संस्थाओं और विवादों के निराकरण की रूढ़ीगत रीतियों को सुरक्षित और संरक्षित करेंगी। ग्राम सभा क्षेत्र में लगने वाले बाजार, मेलों और पशु मेलों का प्रबंधन भी करेंगी।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने 62 प्रतिभागियों का दल हुआ रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले जिले के 62 प्रतिभागियों को संयुक्त जिला कार्यालय के परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रायपुर के लिए रवाना किया। गौरतलब है कि प्रदेश की राजधानी रायपुर में 08 से 10 जनवरी 2023 तक राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है।



छत्तीसढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर, संभाग स्तर तक सम्पन्न हो चुका है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के विलुप्त हो रहे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की है, जिसमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गिल्ली-डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बाटी (कंचा), बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद जैसे 14 प्रकार के खेलों को शामिल किया गया है।

रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 62 खिलाड़ी हिस्सा लेकर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमण्डलाधिकारी विवेकानन्द झा व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी जिले के राजदूत बनकर जा रहे हैं, तथा प्रतियोगिता में शामिल होकर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे, आप सभी लोगों को एक मंच मिला है, इस मंच के माध्यम से आप बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करें, तथा आप सभी वहां टीम भावना का परिचय देते हुए जिले का नाम रौशन करें। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि ऐसे खिलाड़ी जो राज्य स्तर पर जीत कर आयेंगे, उन्हें आगामी गणतंत्र दिवस में सम्मानित किया जायेगा।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) प्रशांत कतलम, संयुक्त कलेक्टर आर.एन.पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरत कौशिक, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) डी.के. सिंह, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के.जायसवाल, तहसीलदार बलरामपुर सुरेश राय, नायाब तहसीलदार श्रीमती संगीता साय, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के जिला नोडल अधिकारी अभिषेक गुप्ता, जिला खेल अधिकारी मारकुश कुजूर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने अंतिम बार वार्षिक परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन की तिथि 12 जनवरी तक बढ़ायी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा आयोजित की जाने वाली वार्षिक परीक्षा सत्र 2022-23 के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र की तिथि में विष्वविद्यालय प्रषासन द्वारा अंतिम बार वृद्धि की गई है। अब विद्यार्थी 500 रूपये विलंब शुल्क के साथ 12 जनवरी तक ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते हैं।





यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन रूप से भरे आवेदन पत्रों की हार्ड कापी महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 13 जनवरी निर्धारित की गई है।

इसके पश्चात् परीक्षा आवेदन की तिथि में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जायेगी। और इसके लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। कुलसचिव, श्री कुलदीप ने बताया कि विगत दिवस विद्यार्थियों के प्रतिनिधि मंडल ने विष्वविद्यालय प्रषासन से परीक्षा आवेदन पत्र विलंब शुल्क सहित जमा करने की अंतिम तिथि में वृद्धि का आग्रह किया था।

इस पर संज्ञान लेते हुए आज विष्वविद्यालय में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई इस बैठक में प्रभारी कुलपति, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव, कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप, डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल, वित्त अधिकारी, सुषील गजभिये, उपकुलसचिव,राजेन्द्र चैहान, सहायक कुलसचिव, हिमांषु शेखर मंडावी, दिग्विजय कुमार उपस्थित थें। बैठक में गहन विचार-विमर्ष के बाद तथा विष्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा के कर्तव्य अवकाष पर होने के कारण दूरभाष से चर्चा के पश्चात् ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने के तिथि में 12 जनवरी तक वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। कुलसचिव ने समस्त विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वें निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन जमा करना सुनिष्चित् करें। परीक्षा उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल ने बताया कि विद्यार्थियों के रोल नंबर आबंटित करने की प्रक्रिया परीक्षा विभाग द्वारा आबंटित की जा रही हैं इसी के पश्चात् महाविद्यालयों में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित होगी। विष्वविद्यालय 01 फरवरी 2023 से प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित करेगा।

### खास खबर

## जीवन में जीतना है तो सामने वाले को हराने का भाव छोड़ दें, कामयाब हो जायेंगे- पं. प्रदीप मिश्रा



**बलौदाबाजार।** जीवन मे जीतना है तो सामने वाले को हराने का भाव छोड़ दें कामयाब हो जायेंगे। उक्त बातें पंडित प्रदीप मिश्रा ग्राम कोकडी मे आयोजित शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन कहा कि जीवन मे आगे बढ़ना है सफल होना है, और जीतना है तो सामने वाले का बुरा नही सोचना चाहिए। उसे हराने की नहीं सोचना चाहिए बल्कि उससे आगे बढ़ने की सोचकर कदम बढाना चाहिए। किसी को नीचा दिखाने की चेष्टा कभी नहीं करनी चाहिए बल्कि उसे आगे बढाने के विचार मन मे रखना चाहिए। अमीरी-गरीबी, धन-दौलत, कार-बंगला, पद-प्रतिष्ठा सब यही रह जाती है, यदि साथ जाता है तो आपके अच्छे कर्म जो आपके काम आयेगा। आपके आने वाले पीढ़ियों के काम आयेगा। आपके द्वारा शिवालय में चढ़ाया गया जल जीवन में कब काम आएगा ये मेरे महादेव ही जानता है, इसलिए अपने जीवन में शिवालय, शिव, शिव तत्व को शामिल कीजिए। भोलेनाथ जो देंगे वह आपके कल्पना से ज्यादा होगा। पंचम दिवस कथा श्रवण करने गौसेवा आयोग अध्यक्ष महंत राम सुंदर दास, विधायक शिवरतन शर्मा, प्रमोद शर्मा, शकुन्तला साहू, सुरेन्द्र शर्मा विघाभुषण शुक्ल हितेन्द्र ठाकुर, अनिल गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भी पहुंचे और पंडित प्रदीप मिश्रा जी का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेर हेरा की गूंज के साथ मनाया जा रहा लोकपर्व छेरछेरा





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीशगढ़ सरकार द्वारा छत्तीशगढ़ी संस्कृति को संजोने के लिए चलाई जा रही मुहिम का असर अब बच्चे बच्चे भी दिखने लगा है प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल को छेरछेरा माँगते हुए बच्चे बधाई देते हुए भी दिखे ,छेर छेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा' यही आवाज छेरछेरा पर्व पर सोमवार को ग्रामीण अंचलों में गूंजा। इस अवसर पर किसी के घर दान के रूप में धान तो कही चाकलेट तो किसी ने नगद राशि बच्चों व युवाओं को बांटी गई।

गरियाबंद में युवाओं ने पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाते हुए घर-घर जाकर धान मांगा।लता सिन्हा ने बताया कि बाबू रेवाराम की पांडुलिपियों से पता चलता है कि कलचुरी राजवंश के कोशल नरेश कल्याणसाय आठ वर्षों बाद जब अपनी राजधानी रतनपुर पहुंचे तो रानी फुलकेना ने र7 और स्वर्ण मुद्राओं की बारिश करवाई। रानी ने प्रजा को हर वर्ष इस तिथि पर आने का न्योता दिया। तब से राजा के उस आगमन को यादगार बनाने छेरछेरा पर्व मनाया जा रहा।

### दान मांगने सभी वर्गों में दिखा उत्साह

छेरछेरा पर्व पर बच्चे, जवान व बूढ़े सभी ने टोली बनाकर घर-घर जाकर अन्न का दान मांगा। लोगों ने दान भी दिया। अंचल में इस बार 2640 रुपए क्विंटल धान के कारण छेरछेरा का लोगों में विशेष उत्साह रहा।पुराना मंगल बाज़ार में बैंड बजाते हुए बच्चों की टोलियां घर-घर पहुंचीं। इस वर्ष अच्छी फसल होने से छेरछेरा पर्व पर रौनक दिखाई दी। बच्चे छेरछेरा कोठी के धान हेर हेरा कहते हुए घर-घर पहुंचकर छेरछेरा मांगा। बच्चों ने टोलियां बनाकर बैंड पार्टी व कीर्तन मंडली के साथ घरों में सुबह 7 से 11 बजे तक छेरछेरा मांगने पहुंचे। गरियाबंद मालगांव कश सोहागपुर कोचवाय कोकड़ी एवं आसपास के गांवों में बच्चों के साथ बड़ों में उत्साह देखने को मिला योगेश सिन्हा ललित साहू प्रीत सोनी विजय कश्यप अखूतर ख़ान आदि ने बताया कि किसानो के यहां अच्छी फसल होने के कारण घर-घर जाकर छेरछेरा मांगने गए।

### छेरछेरा पर्व पर पैरी नदी में लोगों ने किया पुण्य स्नान

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहारों में से एक छेरछेरा पर्व ग्राम सहित अंचल में मनाया गया। धान की खरीफ फसल की कटाई-मिंजाई के बाद मनाए जाने वाले इस पर्व पर सुबह से ही छोटे बच्चों समेत बड़ों ने टोली बनाकर ढोलक व मांदर के थाप सभी घरों में जाकर छेरछेरा के रूप में धान मांगा।

### बुजुर्ग महिला धरमीन बाई सिन्हा ने बतलाया इसलिए मनाते हैं छेरछेरा

धान का कटोरा कहलाने वाला भारत का एक मात्र प्रदेश छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान प्रदेश है। यहां पर ज्यादातर किसान वर्ग के लोग रहते हैं। कृषि ही उनके जीवकोपार्जन का मुख्य साधन होता है। यही वजह है कि कृषि आधारित जीवकोपार्जन और जीवन शैली ही अन्न दान करने का पर्व मनाने की प्रेरणा देती है। अपने धन की पवित्रता के लिए छेरछेरा तिहार मनाया जाता है। क्योंकि जनमानस में ये अवधारणा है कि दान करने से धन की शुद्धि होती है।

### शाकंभरी देवी हुई थी प्रकट

जनश्रुति के अनुसार, एक समय धरती पर घोर अकाल पड़ा। इससे इंसान के साथ जीव-जंतुओं में भी हाहाकार मच गया। तब आदीशक्ति देवी शाकंभरी को पुकारा गया। जिसके बाद देवी प्रकट हुईं और फल, फूल, अनाज का भंडार दे दिया। जिससे सभी की तकलिफें दूर हो गईं। इसके बाद से ही छेरछेरा मनाए जाने की बात कही जाती है।

## दुर्ग शहर में पहली बार खिला तीन मुखी रुद्राक्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग में पहली बार एक महतो परिवार के घर में रुद्राक्ष के पेड़ में फल लगे हैं। इसे देखने के लिए दूर दूर से लोग आ रहे हैं। जिसके यहां रुद्राक्ष फला है वह इसे भगवान शंकर का आशीर्वाद बता रहा है। उसका कहना है कि उसके घर में तीन मुखी रुद्राक्ष फला है जो हिंदू मान्यता के अनुसार अद्भुत लाभ देता है। दुर्ग शहर के बोरसी क्षेत्र में रामाधार महतो बागवानी के लिए जाने जाते हैं। उनके घर में ही काफी बड़ी नर्सरी है। उस नर्सरी में वो सैकड़ों प्रजाति के फूल और ऑक्सीजन प्लांट के पौधा उगाकर बेचते हैं। अब उनका यह काम उनका बेटा अजय महतो देखता है।

अजय ने बताया कि उनके पिता ने बाहर से रुद्राक्ष का पौधा मंगाया था। उसे घर के पास बने भगवान शंकर के मंदिर के बगल से लगा दिया था। 15-20 सालों में वह पौधा वृक्ष का रूप ले चका है। अजय ने बताया कि दुर्ग जिले में कई रुद्राक्ष के पौधे लगे होंगे, लेकिन फल देने वाला पहला पेड़ उनके यहां का है। उनके यहां का रुद्राक्ष तीन मुखी है। इस पेड़ में दूसरी बार फल लगे हैं। पहली बार काफी कम फल लगे थे। जब वह पक करके नीचे गिरे तो अजय की बूढ़ी दादी ने एक-एक फल को अपने पास संजोकर रखा। उसमें से निकले 108 रुद्राक्ष की माला बनाकर उसने भोलेनाथ की प्रतिमा को चढ़ाया और दूसरी माला एक बड़े संत को पनाई, जो उनके घर आए थे। उसके बाद दूसरी बार रुद्राक्ष के पेड़ में काफी फल लगे।

### नहीं करेगा व्यौसायिक उपयोग

अजय का कहना है कि मार्केट में रुद्राक्ष के नाम पर काफी लूट है। लोगों को नकली रुद्राक्ष पकड़ा दिया जाता है। उसका कहना है कि वह इस रुद्राक्ष का व्यौसायिक उपयोग नहीं करेगा। जिन लोगों को रुद्राक्ष की जरूरत होगी और वह इसको पूजते होंगे वह उन्हें इसे देगा। तीन मुखी रुद्राक्ष के अद्भुत फल बताए गए हैं। यह भगवान शंकर की कृपा से उसके यहां फला है। इसलिए वह इसे जरूरतमंद लोगों को इसे देगा।

कहा जाता कि अगर को सावन मास के किसी भी सोमवार के दिन ब्रह्मा, विष्णु और महेश आदि त्रिदेवों के प्रतिक इस तीन मुखी रुद्राक्ष को धारण करता हैं तो उसके ऊपर त्रिदेवों की कृपा बरसने लगती हैं, क्योंकि तीन मुखी रूद्राक्ष में इन तीनों की शक्तियों का वास होता हैं । तीन मुखी रुद्राक्ष में अग्नि तत्व की प्रधानता है, अग्नि तत्व जो कि पंच तत्वों में भी मुख्य तत्व माना जात हैं । अग्नि तत्व की प्रमुखता होने के कारण तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने वाले जातक के विचारों में शुद्धता व स्थिरता आती हैं।

रुद्राक्ष पेड़ के फल की गुठली होती है इस गुठली पर प्राकृतिक रूप से कुछ सीधी धारियां होती हैं। ये धारियां स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। इन धारियों की गिनती के आधार पर ही रुद्राक्ष के मुख की गणना होती है। जैसे किसी रुद्राक्ष पर तीन धारियां हैं तो वह रुद्राक्ष तीन मुखी रुद्राक्ष कहलाएगा।

## जिला उपभोक्ता फोरम दुर्ग में तत्काल अध्यक्ष नियुक्त करने की मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने राज्य शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन को ज्ञापन प्रेषित कर दुर्ग जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम दुर्ग में तत्काल अध्यक्ष नियुक्त करने की मांग किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने बताया कि जिला उपभोक्ता फोरम में पिछले पांच साल से ढाई हजार से अधिक प्रकरण पेंडिंग हो गए हैं।फोरम में उपभोक्ता न्याय की उम्मीद लेकर आते हैं।

लेकिन उन्हें सिर्फ पेशी की तारीख दिया जा रहा है,कोरोना काल के दौरान भी न्यायालय बंद होने की वजह से उपभोक्ता आयोग में सुनवाई प्रभावित रहा था।अपने प्रकरणों के संबंध में जानकारी लेने अधिवक्ता और परिवादी उपभोक्ता आयोग का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अध्यक्ष नहीं होने की वजह से उनके प्रकरणों में सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाई जा रही है।जिला उपभोक्ता फोरम के गठन का उद्देश्य आम जनता के हितों का संरक्षण व सुरक्षा करना था। लेकिन अध्यक्ष की नियुक्ति नही होने से आम जनता परेशान है,जिला उपभोक्ता फोरम दुर्ग में बालोद और बेमेतरा जिला के लोग भी परिवाद पेश करने आते हैं।इन जिलों के प्रकरणों की सुनवाई भी दुर्ग में होती है।

इसलिए पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने उपभोक्ता हितों को ध्यान में रखते हुए जिला उपभोक्ता फोरम दुर्ग में तत्काल अध्यक्ष नियुक्त करने की मांग मुख्य सचिव से किया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**सूरजपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय, शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अधीन संचालित सह-शिक्षा एवं आवासीय विद्यालय है जहाँ सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम संचालित है। विद्यालय में छात्र - छात्राओं को अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षक - शिक्षिकाओं द्वारा उच्च गुणवत्ता पूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा प्रदान की जाती है। जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई, जिला सूरजपुर मे कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 80 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी,2023 तक निर्धारित है। अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन पंजीयन कर आवेदन कर सकते हैं।









# बाड़ी योजना का लाभ उठाकर पटेल-मरार समाज बन सकते हैं आर्थिक रूप से सशक्तः सीएम भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री शाकम्भरी महोत्सव में हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में पटेल-मरार समाज द्वारा आयोजित शाकम्भरी महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने माता शाकम्भरी की पूजा-अर्चना कर सभी को शुभकामना दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पटेल-मरार समाज सब्जियों के उत्पादन में अग्रणी है। बाजार में आपके द्वारा पैदा की गई सब्जी अच्छी गुणवत्ता की होती है, इसलिए सबसे पहले बिकती है।



मुख्यमंत्री ने पटेल-मरार समाज से आग्रह किया कि आप सभी सरकार की बाड़ी योजना का लाभ जरूर उठाएं। इससे कम लागत में सब्जी का उत्पादन बढ़ेगा। सरकार द्वारा रूरल इंडस्ट्रियल पार्क शुरू किए जा रहे हैं। वहां ड्राई मशीन का उपयोग करके सब्जियों को आकर्षक पैकिंग करके बाजार में अच्छा दाम लिया जा सकता है। आप सभी समूह बनाकर बाड़ी योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय मौसमी सब्जियां पूरे साल उपलब्ध रहती है, क्योंकि कृषि वैज्ञानिकों ने कई शोध किए है और सिंचाई की सुविधा भी बढ़ी है। पटेल-मरार समाज द्वारा मुख्यमंत्री को सब्जी की टोकरी भी भेंट की गई। इस अवसर पर विधासभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम, विधायक बृहस्पत सिंह, विनय भगत मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, देवचरण पटेल, रामसुंदर पटेल, पवन पटेल, आत्मनारायण पटेल एवं बड़ी संख्या में पटेल-मरार समाज के नागरिक उपस्थित रहे।

## सम्मेद शिखर की पवित्रता के लिए 127 शहरों में सवा करोड़ नवकार जाप

**रायपुर ( ए )।** सम्मेदशिखर से मोक्ष प्राप्त करने वाले भगवान पार्श्वनाथ की विशेष आराधना दिवस पूनम को देशभर के लगभग 127 शहरों में स्थित तीर्थों, जिनालयों, धर्म स्थलों व जैन भाई-बहनों ने घर घर में महामंत्र नवकार का सवा करोड़ जाप किया। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि उव्वसग्गहरं पार्श्व तीर्थ, बकेला पार्श्व तीर्थ, कैवल्यधाम तीर्थ, भद्रावती तीर्थ सहित अनेक जिनालयों, धर्म स्थलों व घर घर में जैन समाज ने उत्साहपूर्वक नवकार जाप कर सम्मेदशिखर की अक्षुण पवित्रता की प्रार्थना की।

रायपुर में जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, सीमंधर स्वामी जैन मंदिर, विमल नाथ जैन मंदिर, कुंथुनाथ जैन मंदिर, दिगम्बर जैन मंदिर, स्थानक भवन, विमल महिला मण्डल, खरतरगच्छ महिला परिषद, सखी महिला मण्डल सहित अनेक लोगों ने सम्मेदशिखर की पवित्रता के लिए नवकार जाप किया। छत्तीसगढ़ में कुम्हारी, चरौदा, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, अभनपुर, नयापारा राजिम, धमतरी, केशकाल, कोंडागांव, जगदलपुर, गीदम, भानुप्रतापपुर, जैपुर, मलकानगिरी, कोटपाड़, कुसमी, मुंगेली, पंडरिया, कवर्धा, बालोद, डोंडीलोहारा, दल्लीराजहरा, अहिवारा, बेमेतरा, कोरबा, भाटापारा, रायगढ़, अम्बिकापुर, कुनकुरी अर्जुन्दा, खैरागढ़ सहित छत्तीसगढ़ के अनेक छोटे बड़े शहरों में सम्मेद शिखर के लिए महामंत्र नवकार जाप किया गया। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, तामिलनाडु, कर्नाटक, पूर्वोत्तर राज्यों, दिल्ली आदि राज्यों के अनेक स्थानों से नवकार जाप की जानकारी प्राप्त हुई है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि जैन धर्म का शास्वत मंत्र नवकार में असीम शक्ति विद्यमान है, इसके जाप मात्र से सभी संकट दूर हो जाते हैं।

## कलेक्टर ने किया माता कौशल्या धाम चंदखुरी का भ्रमण

**रायपुर ( ए )।** कलेक्टर ने शुक्रवार को राम वन गमन पर्यटन परिपथ के तहत माता कौशल्या धाम चंदखुरी में अधोसंरचना विकास के किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। वहां उन्होंने आम जनों के आवागमन एवं श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए सुविधाएं बढ़ाने एवं सौंदर्यीकरण हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ भुरे को पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रथम और दूसरे चरण के सभी कार्य पूरे हो गए हैं। अधोसंरचना विकास के अबतक लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं जिसमें तालाब का गहरीकरण, सौंदर्यीकरण, जोत कक्ष, ब्रिज



निर्माण, पाथवे ,प्रवेश द्वार ,मूर्ति स्थापना आदि सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य शासन ने निर्देशित किया है कि वहां सुविधाएं बढ़ाई जाए । इस तारतम्य में वहां गार्डन, बाउंड्री वाल और सड़क चौड़ीकरण किया जायेगा। बाउंड्री वाल बनने के पश्चात टूरिज्म बोर्ड द्वारा वहां म्यूरल आर्ट किया जाएगा। कलेक्टर ने उक्त सुविधाओं के लिए मौके पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। टूरिज्म बोर्ड द्वारा लाइट और साउंड का काम किया जा रहा है। अधिकारियों ने कलेक्टर से नए ट्रांसफार्मर की आवश्यकता के संबंध में भी बात की। अधिकारियों ने यह भी बताया कि पब्लिक टॉयलेट और पेयजल की सुविधाएं जनवरी के अंत तक आम नागरिकों मिलनी शुरू हो जाएगी। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर जयंत नहाटा, आरंग के एसडीएम ,तहसीलदार एवं सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मंत्री सिंहदेव से मिले मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के पीड़ित व उनके परिजन



**रायपुर ( ए )।** स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव से शुक्रवार को रायपुर के सिविल लाइन स्थित उनके निवास कार्यालय में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी की बीमारी से पीड़ित लोगों और उनके परिजनों ने मुलाकात की। स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव को इस बीमारी से जूझ रहे मरीजों ने इससे होने वाली तकलीफों और इलाज में आने वाली परेशानियों के बारे में बताया। उन्होंने इसके पीड़ितों को राज्य शासन द्वारा सहायता उपलब्ध कराए जाने का आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्री ने उनकी जरुरतों व मांगों पर संवेदनशीलता से विचार करने का आश्वासन दिया।

# पौने चार करोड़ की लागत से डबल सर्किट 132 केवी लाइन का शुभारंभ

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा प्रदेश में बढ़ती हुई विद्युत मांग की सतत् आपूर्ति बनाये रखने अनेक कारगर कदम उठाये गये हैं। इसके तहत शुक्रवार को पौने चार करोड़ रूपए की लागत से निर्मित दूसरा सर्किट 132केवी ईएचटी सर्किट को ऊर्जीकृत किया गया। ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक उज्ज्वला बघेल ने पूजा अर्चना किया और बटन दबाकर इस लाइन से विद्युत प्रवाह प्रारंभ किया। प्रदेश में उत्पादित बिजली को वितरण केंद्रों तक पहुंचाने के लिये नई पारेषण लाइनों का जाल बिछाया जा रहा है। इसी क्रम में शिवरीनारायण-बनारी



डबल सर्किट लाइन को ऊर्जीकृत कर एक बड़ी सफलता प्राप्त की गई। इस क्षेत्र में औद्योगिक के साथ साथ कृषि पंप कनेक्शन अधिक हैं, इस लाइन के डबल सर्किट होने गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस कार्य में लगभग 3.78 करोड़ रूपये का व्यय हुआ है। इससे शिवरीनारायण क्षेत्र के लगभग 188 गांवों सहित उद्योगों को समुचित वोल्टेज पर बिजली आपूर्ति करने में सहायता मिलेगी। पहले इस क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के लिये 132केवी की एक ही ईएचटी सर्किट थी, अब डबल सर्किट होने से ब्रेक डाउन की स्थिति में भी विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक संदीप गुप्ता, मुख्य अभियंता के एस रामकृष्ण,, केके भगत, अतिरिक्त मुख्य अभियंता अविनाश सोने कर, अधीक्षण अभियंता सी.एम. वाजपेयी, आर.के. अग्रवाल, विजय बहादुर, एस के बाजपेई, कार्यपालन अभियंता गौतम केनार, जी.आर. जायसवाल, मिलिंद पांडे, प्रतीक भगत, एस एस घोष, बजरंग विश्वकर्मा, गजेंद्र सोनी एवं मोहन कुमार देवांगन कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।

# सोलर पैनल में खराबी आने पर दो से चार घंटे तक बिजली बंद होने से रोकेगा पावर कन्वर्टर

**रायपुर ( ए )।** सोलर पैनल में तकनीकी खराबी की वजह से बिजली गुल हो जाने की परेशानी बढ़ती जा रही है। इस समस्या को दूर करने के लिए एनआइटी के प्रोफेसर ललित कुमार साहू ने अपनी टीम के साथ मिलकर पावर इलेक्ट्रानिक्स कन्वर्टर बनाया है। यह यंत्र दो से चार घंटे तक बिजली बंद होने से रोकेगा। इस बीच खराबी को दूर किया जा सकता है। इस यंत्र का पेटेंट कराया जा चुका है।



सोलर पैनल के पावर कन्वर्टर के किसी पुर्जे में तकनीकी खराबी आ जाती है तो बिजली सप्लाई बंद हो जाती है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। खराबी होते ही यह यंत्र अलर्ट कर देगा। इससे समय रहते तकनीकी समस्या दूर की जा सकती है। यह पावर कन्वर्टर सोलर पैनल से आने वाली डीसी सप्लाई को सीधे एसी में बदल देता है। इससे दो बाक्स लगाने की जरूरत नहीं पड़ती है। सोलर पैनल में खराबी आने की स्थिति में बोल्टेज कम होने लगेगा। इससे सोलर पैनल में आई खराबी को समझ सकते हैं। शोध करने में डॉ. शुभ्रता गुप्ता, शिवम प्रकाश गौतम, मानिक जल्होत्रा ने अहम भूमिका निभाई है।

### दो साल में तैयार हुई रूपरेखा

टीम लीडर डॉ. ललित कुमार साहू ने बताया कि 2017 में हमने साइंस एंड इंजीनियरिंग बोर्ड केंद्र सरकार को अपने प्रोजेक्ट के बारे में प्रपोजल भेजा था। बोर्ड ने इसे स्क्रूटनी राउंड के बाद हमारे शोध प्रोजेक्ट का चयन किया। इस शोध के लिए बोर्ड की तरफसे साढ़े 43 लाख रुपये का अनुदान भी मिला था। दो साल तक काम करने के बाद हमने पावर कन्वर्टर की रूपरेखा तय कर लिया। 2019 में इसे पेटेंट के लिए आवेदन किया। जो अभी मिला है।

### व्यावसायिक कामों में मिलेगा लाभ

डॉ. ललित साहू ने बताया कि बहुत सारी फैक्ट्री में सोलर पैनल से बिजली की आपूर्ति होने लगी है। सोलर पैनल में खराबी आने के कारण बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है, जिससे फैक्ट्री में काम बाधित होता है। काम के लिए आए लोग भी खाली बैठे रहते हैं। इससे मालिक को काम बंद होने से होने वाली हानि के साथ काम करने के लिए आए लोग भी खाली बैठे रहते हैं। इससे ज्यादा नुकसान होता है। पावर कन्वर्टर की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी। तय समय रहते तकनीकी खराबी को दूर किया जा सकता है।

### बिजली नहीं कटेगी, मेंटेनेंस भी कम

फाल्ट टालरेंट पावर कन्वर्टर लगाने से सिस्टम की सर्विस लाइफभी बढ़ जाएगी। मेंटेनेंस करने की कम जररूत होगी। सोनल पैनल से डिसी लाइट की आपूर्ति होती है, घर के लाइट, पंखा चलाने के लिए एसी लाइट की जरूरत पड़ती है। पावर कन्वर्टर लग जाने से बिजली आपूर्ति बंद होने से छुटकारा मिल जाएगा।

# रायपुर शहर के तीन च्वाईस सेंटरों पर श्रम अधिकारियों की दबिश

### ठेकेदारों का फर्जी प्रमाण-पत्र बनाने के मामले को लेकर सघन जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशन में श्रम विभाग के अधिकारियों ने रायपुर शहर के तीन अलग-अलग इलाकों में संचालित सेंटरों पर आकस्मिक रूप से दबिश देकर कम्प्यूटर सहित अन्य दस्तावेजों की सघन जांच पड़ताल की। साहू कॉम्पलेक्स टिकरापारा, सुन्दर नगर और लिली चौक पुरानी बस्ती में संचालित च्वाईस सेंटरों के बारे में श्रमायुक्त के संज्ञान में यह मामला आया था कि इसके संचालकों द्वारा ठेकेदारों का फर्जी प्रमाण-पत्र बनाने के नाम पर लोगों से अवैध वसूली की जा रही है।

श्रमायुक्त के निर्देशानुसार चार अधिकारियों की संयुक्त टीम ने उक्त तीनों च्वाइंस सेंटरों की जांच पड़ताल के दौरान सेंटर संचालकों से कम्प्यूटर की आईडी प्राप्त कर उसकी सघन जांच के साथ ही सेंटर में उपलब्ध दस्तावेज एवं अन्य सामग्रियों की भी जांच की। जांच के दौरान नियोजन एवं ठेकेदारों के प्रमाण पत्र के संबंध में कोई भी दस्तावेज नहीं पाये जाने का उल्लेख संयुक्त जांच टीम ने अपने प्रतिवेदन में किया है।



गौरतलब है कि उक्त च्वाईस सेंटरों द्वारा ठेकेदारों के फर्जी प्रमाण पत्र बनाये जाने के नाम पर हितग्राही आवेदकों से अवैध रूप से राशि की मांग किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ ने इसकी जांच के निर्देश दिए थे। श्रमायुक्त के निर्देश के परिपालन में सहायक श्रमायुक्त रायपुर ने श्रम निरीक्षक जयंती बंसल, आर.आर. पाल एवं धनेन्द्र चंद्राकर सहित डिस्ट्रिट मैनेजर सुनील पाण्डेय की संयुक्त टीम गठित कर इस मामले की सघन जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए थे। संयुक्त जांच टीम ने उक्त संस्थानों की आई.डी. लेकर उनके समस्त सिस्टमों और अभिलेखों की जांच की। उक्त संस्थानों में नियोजन प्रमाण-पत्र एवं ठेकेदार, नियोजक की सील नहीं पायी गई है।

श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ ने सभी च्वाईस सेंटर संचालकों को हितग्राहियों का नया पंजीयन आवदेन अथवा अन्य योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन भरते समय नियम प्रक्रिया का पूरी तरह से पालन करने तथा हितग्राहियों से निर्धारित शुल्क ही लेने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि आवेदकों के साथ की भी तरह की धोखाधड़ी या फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर उन्हें लाभान्वित करने का लालच देने का मामला सामने आने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# डार्क चॉकलेट को डाइट में करें शामिल स्वास्थ्य के लिए है बेहद फायदेमंद



डार्क चॉकलेट स्वादिष्ट होने के साथ स्वास्थ्यवर्धक भी होती है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट का बड़ा स्रोत भी है। कई शोध में सामने आया है कि डार्क चॉकलेट का सेवन वजन घटाने में भी मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह त्वचा से लेकर हृदय के लिए भी बहुत लाभदायक है। ऐसे में इसे डाइट में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आइए जानते हैं कि डॉर्क चॉकलेट के सेवन से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

### वजन घटाने में है मददगार

शोध बताते हैं कि डार्क चॉकलेट का सेवन वजन घटाने में काफी मदद कर सकता है। यह वसा और कार्ब्स के जमाव को कम करती है। इससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक चीजों की क्रेविंग भी खत्म होने लगती हैं। इस तरह से डार्क चॉकलेट वजन कम करने में भी मदद कर सकती है। बता दें कि 100 ग्राम डार्क चॉकलेट में लगभग 600 कैलोरी होती है, जो शरीर के लिए पर्याप्त है।

### हृदय रोगों से दूर रखने में सहायक

रोजाना 70 प्रतिशत कोको से बनी डार्क चॉकलेट का सीमित मात्रा में सेवन करने से खून में खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होती है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने में मदद मिलती है। इसी तरह यह ब्लड प्रेशर को भी नियंत्रित रखने में भी सहायक हो सकती है। बता दें कि खराब कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर का अधिक स्तर कई हृदय रोग का कारण बन सकते हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में भी मददगार

एक अध्ययन के मुताबिक, 70 प्रतिशत कोको युक्त डार्क चॉकलेट का सेवन लोगों के व्यवहार और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने में काफी मदद कर सकता है। इसके अलावा डार्क चॉकलेट में मौजूद फ्लेवोनोल्स मूड को बेहतर और बुजुर्गों में संज्ञानात्मक स्वास्थ्य में सुधार करने में भी मदद कर सकते हैं। इसी तरह इसमें मौजूद एपिकैटेचिन नामक यौगिक स्ट्रोक का खतरा कम करने में बेहद प्रभावी होते हैं।

### कैंसर का खतरा कम करने में प्रभावी

डार्क चॉकलेट में एंटी-ऑक्सीडेंट्स की अच्छी-खासी मात्रा होती है, जो शरीर के मुक्त कणों से लड़ने में मदद कर सकते हैं। ये मुक्त कण शरीर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं और कैंसर का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद फ्लेवोनॉयड्स कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाओं के विकास को रोकने में भी मदद कर सकते हैं। ऐसे में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचने के लिए डार्क चॉकलेट का सेवन अच्छा रहता है।

### मधुमेह को नियंत्रित करने में है कारगर

डार्क चॉकलेट में पॉलीफेनोल्स और डाइटरी फाइबर होता है, जो मधुमेह के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। यह ब्लड शुगर को कम करने और इसे सामान्य स्तर पर स्थिर रखने में मदद कर सकता है। कई अध्ययनों से पता चला कि इसमें कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है, जो भूख को कम करता है और ब्लड शुगर को एक सुरक्षित सीमा में बनाए रखता है।


# ब्लू शिमरी आउटफिट में निक्की तंबोली ने बलखाई अपनी पतली कमरिया

एक्ट्रेस निक्की तंबोली सोशल मीडिया का एक जाना माना चेहरा हैं। उनकी बोल्डनेस से भरी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होते ही तेजी से वायरल होने लगती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, एक्ट्रेस निक्की तंबोली की लेटेस्ट ब्लू आउटफिट में पतली कमर देखकर फैंस मदहोश हो रहे हैं। निक्की तंबोली थाई हाई स्लिट में अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। वहीं, फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर बेताब हो रहे हैं।



एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने ब्लू शिमरी रिवीलिंग ड्रेस में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है।

गोल्डन हेयर स्टाइल के साथ लाइट मेकअप में एक्ट्रेस गजब की बला लग रही हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली के इंस्टाग्राम अकाउंट पर नजर डाले तो एक्ट्रेस इंडो से लेकर वेस्टर्न तक हर लुक को अपनाने में कोई परहेज नहीं करती हैं। निक्की तंबोली का परफेक्ट फिगर और दिलकश अदाएं फैंस को उनका दीवाना बना ही देते हैं। फैंस भी एक्ट्रेस निक्की तंबोली की इन तस्वीरों को बेहद ही पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं . निक्की तंबोली की इन तस्वीरों पर फैंस लाइक और कॉमेंट्स की बारिश कर रहे हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों से एक बार फिर नजरे हटाना मुश्किल हो गया है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर एक यूजर ने कॉमेंट कर के लिखा- ब्यूटीफुल तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- हॉट एंड स्टनिंग। निक्की तंबोली के इंस्टाग्राम पर 3.6 मिलियन फॉलोवर्स हैं।



# जांबाज हिंदुस्तान के में आईपीएस की भूमिका निभाएंगी रेजिना कैसंड्रा

ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने अपनी नई वेब सीरीज जांबाज हिंदुस्तान के की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही इस सीरीज की एक झलक भी साझा की गई है, जिसमें अभिनेत्री रेजिना कैसेंड्रा आईपीएस अधिकारी की भूमिका में नजर आ रही हैं। जांबाज हिंदुस्तान के देशभक्ति की भावना से लबरेज एक क्राइम थ्रिलर होगी। यह सीरीज रेजिना के लिए गेम-चेंजर साबित होने जा रही है, क्योंकि वह स्क्रीन पर एक शक्तिशाली किरदार निभाएंगी।

जी5 की इस नई वेब सीरीज का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार श्रीजीत मुखर्जी ने किया है और जगरनॉट द्वारा निर्मित है। वेब सीरीज जांबाज हिंदुस्तान के सच्ची घटनाओं से प्रेरित है, जो वर्दी में अधिकारियों द्वारा दिए गए व्यक्तिगत बलिदान और समर्पण की कहानी को दर्शाती है। ओटीटी प्लेटफॉर्म की तरफ से अभी रिलीज की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही इसका प्रीमियर किया जाएगा। यह हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

# समय से पहले सफेद बाल होने से परेशान हैं तो अपनाएं ये 5 टिप्स



बढ़ती उम्र के साथ बाल सफेद होना आम बात है, लेकिन आजकल कम उम्र में ही लोगों को सफेद बालों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। समय से पहले सफेद बाल होने के पीछे कई कारण हैं, लेकिन मुख्य रूप से खराब जीवनशैली की वजह से ऐसा होता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिनकी मदद से समय से पहले बालों को सफेद होने से रोका जा सकता है।

### मेंहदी और कॉफी

सबसे पहले थोड़ा पानी उबालें और फिर इसमें एक बड़ी चम्मच कॉफी डाल दें। इसे ठंडा होने दें और फिर इसमें थोड़ा-थोड़ा मेहंदी पाउडर डालते हुए चलाते रहें। इस मिश्रण को कुछ घंटे या रातभर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद इसमें एक बड़ी चम्मच मनपसंदीदा हेयर ऑयल मिलाएं। अब मिश्रण को बालों में और पूरे सिर पर अच्छे से लगाएं। फिर इसे एक घंटे के लिए छोड़ दें और अंत में पानी से धो लें।

### करी पत्ता और तेल

सबसे पहले एक पैन में दो बड़ी चम्मच नारियल का तेल गरम करें। अब इसमें 10 से 12 करी पत्ते डालकर 20 मिनट के लिए रख दें। ठंडा होने पर इस मिश्रण से बालों में मसाज करें और 45 मिनट से दो घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद बालों को शैम्पू करके धो लें। करी पत्ता विटामिन बी से भरपूर होता है, जो बालों में मेलामाइन (ब्लैक पिग्मेंटेशन) को बहाल करने में मदद करती है।

### ब्लैक टी

इसके लिए दो बड़ी चम्मच ब्लैक टी लें और इसे पानी में उबाल लें। अब इसमें एक चम्मच नमक भी डाल दें। ठंडा होने के बाद इसे बालों में लगाएं। अच्छे रिजल्ट के लिए इस मिश्रण को हफ्ते में एक बार जरूर लगाएं। ब्लैक टी से बालों को धोने से सफेद बालों को बढ़ने से रोका जा सकता है। यह ग्रे या सफेद बालों को काला रंग देती है, जिससे बाल काले दिखने लगते हैं।

### प्याज का रस

प्याज का रस सबसे पुराने उपायों में से एक है। यह कैटालेज नामक एंजाइम को बढ़ाता है, जो बालों को काला करता है और समय से पहले बालों को सफेद होने से रोकने में मदद करता है। इसके लिए केवल दो से तीन बड़ी चम्मच प्याज के रस में एक बड़ी चम्मच जैतून का तेल और एक बड़ी चम्मच नींबू का रस मिला लें। अब इससे स्कैल्प की मसाज करें और एक घंटे बाद सिर को धो लें।

### भृंगराज हेयर मास्क

बालों के राजा कहा जाने वाला भृंगराज आयुर्वेद में लोकप्रिय है और बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकने में मदद करता है। सबसे पहले एक पैन में दो बड़ी चम्मच नारियल का तेल और एक बड़ी चम्मच भृंगराज पाउडर डालें। इन्हें गरम करके बालों में लगाएं, फिर उन्हें घंटे के लिए छोड़ दें और फिर धो लें। यह जड़ी-बूटी सिर की रूखी त्वचा को ठीक करती है और बालों को उनका प्राकृतिक रंग खोने से बचाती है।

# व्हिप्ड क्रीम से बनाए जा सकते हैं ये 5 डेजर्ट, आसान है रेसिपी



व्हिप्ड क्रीम के बगैर कोई भी डेजर्ट अधूरा है। यह केक और अन्य डेजर्ट को सजाने के लिए इस्तेमाल की जाती है और इसका मलाईदार टेक्चर और स्वाद दोनों लोगों को खूब पसंद आता है। यह क्रीम दूध से बनाई जाती है, इसलिए यह सेहत के लिए गुणकारी है। हालांकि, किसी भी चीज का ज्यादा इस्तेमाल करने पर वह नुकसानदायक भी हो सकती है। आइए आज हम आपको व्हिप्ड क्रीम के इस्तेमाल से बनने वाली पांच डेसर्ट रेसिपी बताते हैं।

### व्हिप्ड क्रीम स्ट्रॉबेरी शॉर्टकेक

सबसे पहले स्ट्रॉबेरी और चीनी को एक साथ मिलाकर फिलिंग तैयार कर लें। अब मैदा, बेकिंग पाउडर, दूध, मक्खन और चीनी डालकर सख्त आटा तैयार करें। इस आटे को केक का आकार दें और सुनहरा होने तक बेक करें। अब इलेक्ट्रिक मिक्सर का उपयोग करके व्हिप्ड क्रीम को अच्छे से फेंटें। केक के बेक हो जाने के बाद इसके स्लाइस कट करें और हर स्लाइस में स्ट्रॉबेरी फिलिंग भरकर ऊपर से व्हिप्ड क्रीम लगाएं। अंत में स्ट्रॉबेरी से सजा दें।

### आयरिश क्रीम कॉफी

आयरिश क्रीम कॉफी बनाने के लिए सबसे पहले अपनी पसंदीदा कॉफी बनाना शुरू करें। अब क्रीम के फ्लफी होने तक उसे व्हिप कर लें। इसके बाद एक बड़ा कॉफी मग लें और इसमें पहले से तैयार कॉफी, चीनी, व्हिस्की और आयरिश क्रीम मिलाएं। अंत में सजाने के लिए इसके ऊपर व्हिप्ड क्रीम डालें और ऊपर से थोड़ी कॉफी छिड़क दें। यह बनाने में बेहद आसान है और इसका स्वाद भी अच्छा है।

### हॉट चॉकलेट

सबसे पहले एक पैन में पानी, दूध, चीनी और कोको पाउडर एक साथ डालकर उन्हें उबालें। इन्हें तब तक उबालें जब तक कि ये गाढ़ा न हो जाएं। अब इसमें चॉकलेट सॉस और वनीला एसेंस डालकर अच्छे से मिलाएं और पकने दें। इसके बाद इस मिश्रण को कप में डालें और फिर इसके ऊपर से व्हिप्ड क्रीम डालें। आप चाहें तो क्रीम के ऊपर थोड़ा कोको पाउडर भी डाल सकते हैं। अब हॉट चॉकलेट को गरमागरम सर्व करें।

### बनाना स्प्लिट

बनाना स्प्लिट बनाना काफी आसान है और यह बच्चों के सेवन के लिए बेहतरीन डेजर्ट है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले केले को छील लें और फिर लंबाई में ही इसके दो टुकड़े कर दें। अब दोनों टुकड़ों को एक सर्विंग बाउल के किनारे रखें और बीच में अपनी पसंदीदा आइसक्रीम रखें। इसके बाद एक पाइपिंग कोन में व्हिप्ड क्रीम डालकर इसे आइसक्रीम के ऊपर लगाएं। अंत में इसे चॉकलेट सिरप और चेरी से सजाएं।

### व्हिप्ड क्रीम कपकेक

सबसे पहले ओवन को 180 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें। अब मैदा, बेकिंग पाउडर और नमक एक साथ मिलाकर अलग रख दें। इसके बाद फ्लफी होने तक क्रीम को अच्छे से फेंटें। इसके बाद व्हिप्ड क्रीम में वनीला एक्सट्रेक्ट और चीनी मिलाएं और फिर मैदा वाला मिश्रण डालकर दोबारा मिला लें। अब इस मिश्रण को कपकेक मोल्ड्स में डालकर 15 से 20 मिनट तक बेक करें। बेक हो जाने के बाद इसे ऊपर से व्हिप्ड क्रीम से सजाएं।

# 'प्रोजेक्ट के' से सामने आई दीपिका की पहली झलक, फिल्म में बनी हैं प्रभास की जोड़ीदार

दीपिका, प्रभास के साथ एक फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम फिलहाल प्रोजेक्ट के रखा गया है। अब इससे उनका लुक सामने आ गया है, जो प्रशंसकों को खूब भा रहा है।

फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी वैजयंती मूवीज ने ट्विटर पर दीपिका का एक पोस्टर साझा किया है, जो उनके प्रशंसकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। प्रोडक्शन हाउस की तरफ से किए गए पोस्ट में लिखा गया, प्रोजेक्ट के की टीम की तरफ से दीपिका पादुकोण को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं। पोस्टर में दीपिका की पीठ दिख रही है और उनका एक अलग हेयरकट देखने को मिल रहा है। पोस्टर में लिखा हुआ है अंधेरे में एक आशा। प्रोजेक्ट के से दीपिका तेलुगु सिनेमा में पदार्पण कर रही हैं। उन्होंने कन्नड़ फिल्म ऐश्वर्या से 2006 में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। 2014 में दीपिका ने फिल्म कोचादइयां से तमिल फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। अब प्रोजेक्ट के से वह तमिल फिल्मों में कदम बढ़ा रही हैं। पहली बार किसी फिल्म में उनकी जोड़ी सुपरस्टार प्रभास के साथ बनी है। फिल्म में अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म एकसाथ कई भाषाओं में रिलीज होगी।

प्रोजेक्ट के प्रोडक्शन हाउस वैजयंती मूवीज की अब तक की सबसे महंगी फिल्म होने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म का बजट लगभग 500 करोड़ रुपये तक जाएगा। इस साइंस फिक्शन फिल्म को भारत की सबसे बड़ी फिल्म बताया जा रहा है। इसके निर्देशन की कमान



साउथ के जाने-माने निर्देशक नाग अश्विन संभाल रहे हैं। फिल्म में एक्शन और वीएफएक्स का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। निर्माता इसे भव्य फिल्म बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

नाग अश्विन एक लोकप्रिय फिल्म निर्देशक और स्क्रीनराइटर हैं। उन्होंने 2018 में महानती नाम की एक सुपरहिट तेलुगु फिल्म निर्देशित की थी। इसके लिए अश्विन को बेस्ट डायरेक्टर का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था। महानती को बेस्ट फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है।

दीपिका फिल्म पठान में नजर आएंगी। उनके जन्मदिन पर फिल्म के हीरो शाहरुख खान ने इससे उनका नया लुक भी शेयर किया है। दीपिका की फिल्म फाइटर भी चर्चा में है, जिसमें उनकी जोड़ी ऋतिक रोशन के साथ बनी है। रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में भी दीपिका शामिल हो गई हैं। उन्हें फिल्म सिंघम अगेन में देखा जाएगा। ब्रह्मास्त्र 2 भी उनके खाते से जुड़ी है। ब्रह्मास्त्र में दीपिका के कैमियो की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हुई थी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### समलेश्वरी, हीराखंड, राउरकेला और पैसेंजर ट्रेन 9 तक नहीं आयेंगी जगदलपुर

**जगदलपुर।** केके रेललाइन में कोरापुट और मनाबार के बीच तथा केआर रेललाइन पर कोरापुट से दुमड़ीपुट सेक्शन के बीच नॉन इंटरलॉकिंग का काम चल रहा है। इसके कारण बस्तर तक आने वाली यात्री ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। कुल 03 रूट पर ट्रेनों को डाइवर्ट किया गया है। जिससे 07, 08 और 09 जनवरी तक सभी ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। ईको रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 18447 भुवनेश्वर से चलकर जगदलपुर तक आने वाली हीराखंड एक्सप्रेस को कोरापुट बी केबिन और ए केबिन मनाबार की ओर से डाइवर्ट किया गया है। इसी तरह 18005 हावड़ा से चलकर जगदलपुर तक आने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस को कोरापुट में बी और ए केबिन मनाबार की ओर से डाइवर्ट किया गया है। 18107 राऊरकेला. जगदलपुर एक्सप्रेस को भी कोरापुट में ही बी और ए केबिन मनाबार की ओर से डाइवर्ट किया जाएगा। ईको रेलवे मंडल मुख्यालय वाल्टेयर के सीनियर डिवीजनल कॉमर्शियल मैनेजर एके त्रिपाठी ने बताया कि विशाखापट्टनम से चलकर किरंदुल तक आने वाली पैसेंजर अरकू में और किरंदुल से चलकर वाल्टेयर जाने वाली पैसेंजर ओड़िशा के जैपुर रेलवे स्टेशन में रोक दी जाएगी। वाल्टेयर से आने वाली ट्रेन अरकू से वापस लौट जाएगी, जबकि किरंदुल से चली ट्रेन जैपुर से लौटेगी।

### एचआरडी के वी प्रकाश राव तथा के सोमेश्वर राव ने इंटरनेशनल कल्चरल फेस्टिवल में जीते अनेक पुरस्कार

**रायपुर।** भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले इस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर (ईजीसीसी), कोलकाता के सहयोग से जाधवपुर नवरंग आर्ट एण्ड कल्चर सेंटर द्वारा इंटरनेषनल कल्चरल फेस्टिवल - 2022 का आयोजन 27 दिसम्बर 2022 से 29 दिसम्बर 2022 के मध्य पुर्बा ऑडिटोरियम, कोलकाता में किया गया। दिप्ती देव मेमोरियल इंटरनेषनल कल्चरल फेस्टिवल - 2022 में विभिन्न वर्गों में तथा अलग-अलग कलाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य, संगीत, गायन, एवं लोककला आदि विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग में कार्यरत सीनियर टेक्नीषियन, वी प्रकाश राव तथा टेक्नीशियन, के सोमेष्वर राव ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभागिता देते हुए अनेक पुरस्कार प्राप्त करने में सफल हुए। वी प्रकाश राव वोकल सोलो गायन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने में सफल रहे।

कलेक्टर ने मल्टीएक्टिविटी सेंटर, कृषि विज्ञान केन्द्र तथा निर्माणाधीन जवाहर नवोदय विद्यालय का किया निरीक्षण

# मल्टी एक्टिविटी सेंटर को आदर्श बहुआयामी केन्द्र बनाने के दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** कलेक्टर अजीत वसंत ने ग्राम कोचवाही स्थित आजीविका गतिविधि केन्द्र (गौठान), ग्राम केरलापाल में कृषि विज्ञान केन्द्र तथा सुपगांव में निर्माणाधीन नवोदय विद्यालय का गहन निरीक्षण करने के साथ संबंधित अधिकारियों को विभिन्न निर्देश दिये। इस क्रम में कलेक्टर सर्वप्रथम कोचवाही स्थित आजीविका गतिविधि केन्द्र पहुंचे और केन्द्र में ग्रामीण स्वरोजगार एवं आजीविका संबंधित चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली।



ज्ञातव्य है कि जिला प्रशासन नारायणपुर के सहयोग एवं मार्गदर्शन में ग्राम कोचवाही में मावली मल्टीएक्टिविटी सेंटर की स्थापना की गयी है।

सेंटर में रोजगारोन्नमुखी विविध कार्य एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। वर्तमान में उक्त सेंटर में फुट प्रोसेसिंग युनिट में लगभग 30 स्थानीय महिलायें काम कर रहे हैं, जिनके द्वारा प्रारंभिक स्तर पर स्वास्थ्यवर्धक 23 उत्पाद तैयार किये जा रहे है। विभिन्न जिलों में विक्रय किये जा रहे इन सभी उत्पादों का लैब टेस्ट भी कराया गया है। इन उत्पादों में महुआ कुकिस, रागी कुकिस, इमली, गुड़, कोदो-कुटकी कुकिस, ब्लैस राईस, ब्राउन राईस, रेड राईस, कोदो-कुटकी राईस, कुल्थी दाल, अचार, शहद, चेकर टाईल्स, लड्डू आदि प्रमुख है। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि यहां से निर्मित उत्पादों की मार्केटिंग के लिए बेहतर रणनीति बनाने की जरूरत है। ताकि कार्यरत महिलाओं को अधिकाधिक लाभ मिले।

इसके साथ ही कलेक्टर श्री वसंत ने केरलापाल स्थित कृशि विज्ञान केन्द्र पहुंचकर उन्नत किस्म के फलों और सब्जी उत्पादन इकाई, पोशण वाटिका, चारा उत्पादन इकाई, मशरूम उत्पादन केन्द्र, मत्स्यपालन, कुक्कुटपालन, मछली सह बतख पालन तथा उन्नत नस्ल के गाय एवं बकरी पालन केन्द्र, केचुआ खाद उत्पादन केन्द्र का भी अवलोकन किया। यहां उपस्थित प्रगतिशील कृशकों से चर्चा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि कृशि में आधुनिक कृशि यंत्रों के समावेश से समय एवं श्रम की लागत में कमी आती है और आधुनिक जरूरतों को देखते हुए धान की खेती के अलावा अन्य लाभकारी अपरम्परागत फसलों में भी कृशकों को ध्यान केन्द्रित किया जाना उचित होगा। इस दौरान केन्द्र के अधिकारियों ने कृशि विज्ञान केन्द्र द्वारा स्थानीय कृशकों को लाभान्वित किये जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

जवाहर नवोदय विद्यालय सुपगांव में पहुंचकर कलेक्टर ने प्रयोगशाला, शयनशाला, भोजन कक्ष तथा प्रशाधन कक्षों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से कहा कि नवोदय भारत सरकार की महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है। इसके स्तर अनुरूप निर्माण कार्य होना चाहिए और गुणवत्ता का पूरा-पूरा ध्यान रखा जाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर उपस्थित प्राचार्य ने कलेक्टर से सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का आग्रह किया। इसके लिए कलेक्टर ने क्रेडा विभाग के अधिकारियों निर्देशित किया। इस मौके पर कलेक्टर वसंत ने नवोदय विद्यालय परिसर में आम वृक्ष का रोपण भी किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवेश कुमार ध्रुव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

शिवनाथ तट पर आस्था का मेला

# पुन्नी पर अमरदास बाबा के दर्शन करने श्रद्धालुओं की कतार



श्रीकंचनपथ न्यूज

बेमेतरा। जिले में शिवनाथ नदी तट पर स्थित अमरदास बाबा के समाधि स्थल पर शुक्रवार को छेरछेरा (पुन्नी) पर आस्था का मेला लगा। यहां दर्शन के करने श्रद्धालुओं की एक किलोमीटर से ज्यादा लंबी कतार लगी रही।

बाबा के दर्शन करने के लिए छग के अलावा दिल्ली, हरियाणा, असम, आंध्रप्रदेश समेत अन्य राज्यों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। सुबह 5 बजे शिवनाथ नदी में पुण्य डुबकी लगाकर श्रद्धालुओं ने बाबा की आरती कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी की गई थी।

### अमरदास बाबा ने पुन्नी के दिन ही ली थी समाधि

दोपहर 3 बजे मंदिर में समाज प्रमुख रामनारायण सोनवानी ने पालो चढ़ाया। दोपहर 12 बजे के बाद मेले में भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। खास बात यह रही कि किरीतपुर से चेटुवा धाम तक एक किमी तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। दूर-दूर से महिलाएं बाबा के दरबार पहुंचीं। मंदिर की प्रिक्रमा करने के बाद आशीर्वाद लिया। गुरु घासीदास बाबा के द्वितीय पुत्र अमरदास बाबा ने चेटुवाधाम में छेरछेरा (पुन्नी) के दिन ही समाधि ली थी।

# मां शाकंभरी जयंती पर निकली भव्य कलश यात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** निगम क्षेत्र अंर्तगत पनारापारा में कोसरिया पटेल मरार समाज के द्वारा मां भगवती शाकंभरी जयंती पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया और विधिवत माता शाकंभरी की पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ शाकंभरी जयंती मनाई गई। इसके पश्चात बड़ी संख्या में श्रद्धालु भण्डारा में प्रसाद ग्रहण किया। पनारापारा स्थित हनुमान मंदिर से दोपहर 12 बजे कलश यात्रा निकाली गई। कलश में जल लेकर कलश यात्रा नगर के दलपत सागर, सिरहासार, मेन रोड होते हुए दंतेश्वरी मंदिर के सामने से वापस पनारापारा पहुंचकर कलश यात्रा संपन्न किया गया। कलश में लाए गए जल से माता शाकंभरी का अभिषेक किया गया। पूजा अर्चना के बाद भण्डारा का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मां शाकंभरी हमारी ईष्टदेवी है। प्राचीन काल से



परंपरा अनुसार हर वर्ष पूष पूर्णिमा के दिन पटेल मरार समाज द्वारा माता शाकंभरी की जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष भी समाज के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ माता की जयंती मनाई गई। उन्होने बताया कि मां शाकंभरी को देवी दुर्गा का रूप माना जाता है। पौष मास की पूर्णिमा को मां दुर्गा ने मानव कल्याण के लिए शाकंभरी रूप लिया था। मार्कंडेय पुराण के अनुसार दानवों के उत्पात से त्रस्त भक्तों ने कई वर्षों तक सूखा एवं अकाल से ग्रसित होकर देवी दुर्गा से प्रार्थना की तब मां दुर्गा ने इस अवतार में प्रकट हुई। अपने भक्तों को इस हाल में देखकर देवी आंसुओं की बारिश हुई।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जरूरतमंद लोगों को किया कंबल वितरण

# कलेक्टर, एसपी देर रात में निकले अलाव व्यवस्था का निरीक्षण करने

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने प्रदेश सहित जिले के तापमान में गिरावट आने तथा शीतलहर व ठंड से असहाय,बेसहारा, जरूरतमंद व आमनागरिकों को बचाने के लिए जिले के चौक चौराहों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित अन्य आवश्यक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में कलेक्टर और एसपी द्वारा देर रात 10 बजे जिले के चौक चौराहों सहित रेलवे स्टेशन परिसर पर अलाव व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रेलवे स्टेशन परिसर में जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण भी किया। कलेक्टर, एसपी के संयुक्त निरीक्षण के दौरान कचहरी चौक में



उन्होंने विधानसभा नेता प्रतिपक्ष व विधायक श्री नारायण चंदेल, नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के अध्यक्ष भगवान दास गढेवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जांजगीर नैला चंदन शर्मा सहित अन्य उपस्थित नागरिकों के साथ अलाव तापते हुवे जिले का बेहतर विकास करने के विषय पर चर्चा किए।

कलेक्टर एसपी ने जिले के विभिन्न स्थलों पर उपलब्ध कराए गए अलाव की व्यवस्था का देर रात तक निरीक्षण किया तथा नियमित अलाव जलाने की व्यवस्था के लिए उचित मात्रा में जलाऊ लकड़ी उपलब्ध कराने तथा इसकी सतत निरीक्षण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जिला मुख्यालय में रैन बसेरा नहीं होने पर आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्थाई रूप से सामुदायिक भवन में आवश्यक तैयारी रखने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए। उन्होंने शीतलहर से बचने के लिए नागरिकों को अनावश्यक घर से बाहर ना निकलने तथा अतिआवश्यक कार्य होने पर ही गर्म कपड़ों के साथ बाहर निकलने की अपील की। कलेक्टर ने झुग्गी-झोपड़ी एवं शहर के अन्य क्षेत्रों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए समाज सेवी संस्थान, एनजीओ आदि से गर्म कपड़े, कंबल आदि दान करने के साथ ही इच्छुक आम नागरिकों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करने की अपील की है। अलाव जलने से लोगों को ठंड से बचाव में काफी राहत मिल रही है। कलेक्टर ने आमजन को सावधानी बरतने तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आमजनों से अपील की है।

# मरार समाज ने धूमधाम से मनाई शाकम्भरी जयंती, शहर में निकाली विशाल शोभायात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोंडागांव। मरार पटेल समाज जिला कोंडागांव द्वारा कोंडागांव जिला मुख्यालय में जिलास्तरीय शाकम्भरी महोत्सव का आयोजन 06 जनवरी दिन किया गया ज्ञात हो कि मरार पटेल समाज शाकम्भरी जयंती पौष पुर्णिमा को मनाती है प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मरार समाज की ईष्ट देवी माता शाकम्भरी के जन्मोत्सव का त्यौहार सामाजिकजनों द्वारा धूमधाम से मनाया गया पिछले वर्षों में कोरोना काल की वजह से जिला स्तर पर आयोजन सम्भव नही हो पाया था।



जिसके चलते आज भी गांव गांव क्षेत्र स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने पश्चात जिला स्तर के कार्यक्रम में सम्मिलित होने जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरूआत सामाज प्रमुखों से हुई जहां पर कोंडागांव जिले के तीनों राज अध्यक्ष मूलचंद पटेल, कमलकांत पटेल,यज्ञ प्रसाद पटेल तीनो परगन के राज नाइक दीवान परगनिया की उपस्थिति में हुई नन्हे नन्हे बच्चों द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से कार्यक्रम की शुरुआत हुई मरार समाज के साथ साथ मौजूद अन्य सभी समाज प्रमुखों को स्वागत सम्मान के साथ स्थान दिया गया वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कोंडागांव विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया ।

समाज प्रमुखों द्वारा प्राप्त आवेदन का अवलोकन कर समाज प्रमुखों की मांगों को जायज बताते हुए शाकम्भरी मंदिर निर्माण हेतु 7 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा के साथ कोंडागांव में सब्जी मंडी स्थापना को शासन स्तर में रखने की बात कही है छात्रावास भवन हेतु जमीन आबंटन की मांग पर भी सहमति जताया साथ ही निर्माणाधीन सामाजिक भवन में ट्यूबवेल की सुविधा मुहैया कराने की जिम्मेदारी कोंडागांव नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा यादव को दी नपा अध्यक्ष द्वारा मांग पूर्ण कराने की त्वरित घोषणा किया गया अपने उद्बोधन के दौरान श्री मरकाम ने कहा कि मरार समाज एक शाकाहार और जागरुक समाज है एक छोटे से बाड़ी में भी सब्जी भाजी उपज कर कैसे आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है यह भली भांति जानती है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में शाकम्भरी बोर्ड सदस्य अनुराग पटेल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, कोंडागांव सीएमएचओ आर के सींग मौजूद रहे।मंचीय कार्यक्रम उपरांत भव्य विशाल कलश शोभायात्रा शहर में निकाली गई जहां पर माता की झांकी के साथ गाजे बाजे सहित सामाजिक जन भारी संख्या में नजर आए कलश यात्रा से वापस शीतला माता मंदिर पहुंच आरती पश्चात खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से बस्तर संभाग अध्यक्ष रोहित पटेल जिलाध्यक्ष मंगलराम कौशिक प्रदेश सचिव एवम शाकम्भरी उत्सव समिति अध्यक्ष रितेश पटेल सचिव गोवर्धन पटेल महामंत्री डालेंद्र पारासर कोषाध्यक्ष रामदेव कौशिक वीरेंद्र पटेल कन्हैया पटेल सोहेन्द्र मेघ खीरा पारासर संजय पटेल देशवती पटेल हेमलता पटेल विनीता पटेल इशवन पटेल भावना पारासर के साथ कोंडागांव जिले में निवासरत समस्त मरार समाज के सामाजिक जन मौजूद रहे।

### दसपुर में माँ शाकंभरी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई

**दसपुर।** ग्राम दसपुर में शुक्रवार को मरार पटेल समाज के लोगो ने हर्षोल्लास के साथ देवी माँ शाकंभरी की पूजा अर्चना की इस अवसर पर समाज के महिला पुरूष कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित पवन पटेल, विनोद पटेल, महादेव पटेल ने चर्चा मे बताया कि बम्ह मुहुर्त में माँ शाकंभरी का अभिषेक करने के पश्चात विविध प्रकार के फल सब्जियों से माता की प्रतिमा का श्रृंगार किया गया। श्रृगांर दर्शन करने के लिए इस अवसर पर दीपक पटेल, पुनीत पटेल, रामप्रसाद पटेल, कामिनी पटेल, शुभम पटेल, अरूण पटेल, जान्हवी पटेल, सहित बड़ी संख्या में भ्क्त उपस्थित थें।

### नाम परिवर्तन

संजय शर्मा आत्मज द्वारिका शर्मा उम्र 32 वर्ष न्यू खुर्सीपार बिहारी कालोनी वार्ड 36 तह. व जिला दुर्ग (छग) का निवासी हूं। मेरे दो नाम है जिसमें पहला नाम संजय शर्मा आ. द्वारिका शर्मा तथा द्वितीय नाम संजय कुमार शर्मा आ. द्वारिका शर्मा है जो कि सत्य व सही है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं तथा शासकीय अभिलेखों में भी दर्ज है। मुझे उपरोक्त दोनों नाम संजय शर्मा एवं संजय कुमार शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**शपथकर्ता**
संजय शर्मा/
संजय कुमार शर्मा

### NOTICE

**U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932**

It is hereby notified that the constitution of firm M/S HOTEL AMIT PARK INERNATIONAL Plot No.26, Shivnath Complex, Near Nagar Nigam,G.E. Road Supela, Bhilai,Dist.Durg (C.G.) PIN.490023 Reg. No. D-DURG -287/2017 dated 23-01-2017 has undergone following changes :-

**1. Change In Address :-**

**Old Address:-** Plot No.26, Shivnath Complex, Near Nagar Nigam,G.E. Road Supela, Bhilai, Dist.Durg (C.G.) PIN.490023

**New Address:-** Plot No.26, Shivnath Complex, Near Nagar Nigam, Supela, Bhilai,Dist.Durg (C.G.) PIN.490023

Place: Bhilai
Date: 01-04-2020

**(Mohit Kumar Sao)**
**(Subhash Prasad Sao)**
**(Smt Minakshi Devi Sao)**

### NOTICE

**U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932**

It is hereby notified that the constitution of firm M/S HOTEL AMIT INERNATIONAL Block -C, Plot No. 3, Shivnath Vistar Vyavsayik Yojana, Near Chandra Mourya Talkies, G.E. Road Supela, Bhilai,Dist.Durg (C.G.) PIN.490023 Reg. No. D-DURG -305 /2007 dated 01-04-2022 has undergone following changes :-

**1. Change In Address :-**

**Old Address:-** Block-C, Plot No. 3, Shivnath Vistar Vyavsayik Yojana, Near Chandra Mourya Talkies, G.E. Road Supela, Bhilai,Dist.Durg (C.G.) PIN.490023

**New Address :-** Block -C, Plot No. 3, Shivnath Vistar Vyavsayik Yojana, G.E. Road Supela, Bhilai, Dist.Durg (C.G.) PIN.490023

2. Smt. Meenakshi Devi Sao W/O Shri Subhash Prasad Sao of Pushpak Nagar,Junwani Bhilai expressed her desire to become SLEEPING PARTNER in the partnership firm M/S HOTEL AMIT INERNATIONAL W.E.F 01.04.2022 with her own free will and consent of all other partners.

Place: Bhilai
Date: 01-04-2022

**(Mohit Kumar Sao)**
**(Subhash Prasad Sao)**
**(Smt Meenakshi Devi Sao)**


Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

**खास खबर**

## गर्लफ्रेंड से मिलने चंडीगढ़ से कोरबा पहुंचे युवक ने काट ली हाथ की नस, 112 की टीम ने बचाई जान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक युवक ने अपनी हाथ की नस काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना कोरबा के एसईसीएल मैदान के पास की है। मौके पर कुछ लोगों ने देखा युवक गिरा हुआ है और हाथ से खून बह रहा है। लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल युवक खतरे से बाहर है। बताया जा रहा है कि युवक अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने चंडीगढ़ से कोरबा पहुंचा था और अचानक यह आत्मघाती कदम उठाया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्महत्या की कोशिश करने वाले युवक का नाम प्रदीप है। वह एक दिन पहले ही चंडीगढ़ से कोरबा पहुंचा था। वह कोरबा एसईसीएल मैदान के बैठा था और अचानक अपने हाथ की नस काट ली। लोगों ने देखकर डायल 112 की टीम को फोन किया जिससे उसकी जान बच पाई। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम बताया। उसके पास एक बैग भी रखा था जिसमें एक लाख रुपए व एक मोबाइल फोन मिला। युवक ने बताया कि बैग में दो माबाइल थे जिसमें से एक गायब है। पुलिस ने बताया कि अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर युवक का बयान दर्ज किया गया है। युवक कुछ छिपाने का प्रयास करता दिख रहा है। पुलिस का कहना है कि युवक चंडीगढ़ से कोरबा किसी लड़की से मिलने आया था और लड़की ने मिलने से मना कर दिया। संभवत: यही वजह है कि उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

## रिटायर्ड बीएसपी कर्मी के घर लाखों की चोरी, अलमारी से कपड़ा भी चुरा ले गए बदमाश, केस दर्ज

**भिलाई।** बोरसी के पंचशील नगर में रहने वाले एक रिटायर्ड बीएसपी कर्मचारी के घर पर लाखों की चोरी हो गई। रिटायर्ड कर्मी अपने परिवार के साथ ओड़िशा गया हुआ था। पीछे उसके घर की देखभाल नौकरानी के भरोसे पर था। इस बीच घर में चोरी हो गई। घर में चोरी की जानकारी नौकरानी ने फोन कर दी। एक दिन पहले ओड़िशा से वापस लौटने के बाद उन्होंने थाने पहुंचकर रिपोर्ट लिखवाई। मामला पद्मनाभपुर चौकी क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार पंचशील नगर निवासी एफएम पुहान बीएसपी का रिटायर्ड कर्मचारी है। 28 दिसंबर 2022 को वह अपनी पत्नी के साथ ओड़िशा अपने गृह ग्राम गए। पीछे से घर के गार्डन में पानी आदि डालने के लिए घर में काम करने वाली थानेश्वरी निषाद बाहर की चाबी देकर गए। इस बीच 3 जनवरी को थानेश्वरी निषाद ने बताया कि गमले में पानी डालने गयी तो देखा घर की खिडकी व दरवाजे की कुण्डी टुटी हुई है। इसके बाद उसने अपने मित्र श्रीनिवास को फोन किया और घर जाकर देखने कहा। इसके बाद दोनों पति-पत्नी पांच जनवरी को वापस लौटे और जांच की तो पता चला कि चोरों ने काफी सामान पार कर दिया। एफएम पुहान ने पुलिस को बताया कि उनके घर से एलजी कंपनी का एलईडी टीवी और आलमारी में रखे पुराना उपयोगी चांदी की बारह कटोरा, 2 चांदी की गिलास, एक चांदी का कलश तथा अलमारी में रखी 3 जोडी नए कपड़े गायब थे। पद्मनाभपुर चौकी पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# घायल युवक की मौत हुई तब जागी पुलिस, पांच आरोपी गिरफ्तार, चार दिन पहले चाकू मार कर हुए थे फरार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चार दिन पहले मारपीट व चाकूबाजी में घायल युवक की गुरुवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में कुम्हारी पुलिस ने घटना के बाद धारा 307, 34 के तहत अपराध दर्ज किया था लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस ने काफी ढिलाई बरती। गुरुवार को घायल युवक की मौत के बाद पुलिस की नींद खुली। इसके बाद पुलिस सक्रियता दिखाई और कुछ ही घंटों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दो आरोपियों की तलाश की जा रही है। पकड़े आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल हैं।**




बता दें कुम्हारी थाना क्षेत्र में एक जनवरी की आधी रात को हाईवे से लगे आनंद पेट्रोल पंप पर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इस मामले में चरोदा निवासी राजा यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी। राजा ने बताया कि वह अपने दोस्त मोहन, खिलेश, विनय और प्रवीण के साथ 1 जनवरी की रात खाना खाने के बाद पेट्रोल भरवाने गए थे। इस दौरान तीन अलग अलग गाड़ियों में चार युवक पेट्रोल पंप पहुंचे पहुंच गए।

पंप पहुंचने के बाद चारों युवक खिलेश सिंह से गाली गलौच करने लगे। इस दौरान खिलेश बोल रहा था वह उनको जानता भी नहीं है। इसके बाद इन लोगों ने खिलेश, मोहन और विनय के साथ धक्का मुक्की करने लगे। इतने में एक लडका पतला लंबा गोरा बडे बाल वाला चाकू निकाला सभी को दौड़ाने लगा। इसके बाद इनमें से एक ने प्रवीण यादव के पेट में दो तीन बार चाकू मार दिया। इसके बाद हम प्रवीण के पास दौड़े तो सभी चार लोग भाग गए। इसके बाद प्रवीण यादव को मेकाहारा अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की लेकिन आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई।

### मौत के बाद हुई आरोपियों की गिरफ्तारी

इधर अस्पताल में भर्ती प्रवीण यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़ी और आरोपियों की तलाश शुरू की। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस से पेट्रोल पंप में लगे सीसी टीवी फुटेज खंगाले और हुलियों के आधार पर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बिट्टू, रजत व युगल नाम के युवक तथा दो नाबालिग शामिल हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### आरोपियों को पकड़ने जागते रहे पुलिस कर्मी

घायल युवक की मौत के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में काफी मेहनत की। पूरी रात 30 से 40 पुलिसकर्मी जागर आरोपियों की तलाश में लगे रहे। इस दौरान CDR और लोकेशन के अलावा, ITMS की हिस्ट्री, इमेज एन्हांसमेंट, और गणित के permutation-combination पद्धति का इस्तेमाल किया गया। इसके 10 संभावित संदेही बाइक के नंबर निकाले गए और उनके घर जाकर बाइक चेक किया गया। कुम्हारी थाने की टीम और क्राइम टीम के ITMS के पंकज राय और तकनीकी विशेषज्ञ संतोष पूरी रात संदेही बाइक का इमेज एन्हांसमेंट करते रहे। आरटीओ से टीआई ठाकुर और चंद्रशेखर भी पूरी रात बाइक नंबर का डिटेल देते रहे। कुम्हारी टीआई सहित क्राइम की टीम, वैशाली नगर टीआई और उनकी पेट्रोलिंग, पुरानी भिलाई से कृष्णा और हरीश, खुर्सीपार से हर्ष, छावनी से दीपक, जामुल से अमित और सैमुअल, वैशाली नगर से कुरेशी और सीएसपी ऑफिस से राजेंद्र, विवेक और रत्नेश ने आरोपियों को दबोचने में विशेष योगदान दिया।

## तीन जिलों में ठगी कर फरार हुआ शातिर, नौकरी लगाने के नाम पर महिला से ठगे दो लाख रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के तीन जिलों में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले शातिर को पुलिस तलाश रही है। ताजा मामले में बिलासपुर की महिला को टीचर की नौकरी लगाने के नाम पर दो लाख रुपए ठग कर फरार हुआ है। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। फिलहाल बिलासपुर की पुलिस आरोपी ठग की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार दरअसल यह पूरा मामला बिलासपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। मुंगेली के ककेड़ी गांव निवासी प्रिया राजपूत (25) ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी अपने जेठ मनोज राजपूत के माध्यम से रायपुर निवासी पप्पू शिवहरे से पहचान हुई थी। पप्पू शिवहरे ने सरकारी विभागों में अच्छी पहचान होने का दावा किया और सरकारी स्कूल में नौकरी लगवाने की बात की। इसके लिए चार लाख में सौदा तय हुआ। इसके बाद प्रिया राजपूत के पति नवीन राजपूत पैसा देने को तैयार हो गया और दो लाख रुपए बातौर एड़वांस उसे दिए। रुपए लेने के बाद वह फरार हो गया। इधर महिला इंतजार करती रही कि आज नहीं तो कल नौकरी लग जाएगी। आठ माह बीतने के बाद भी पप्पु शिवहरे का कुछ पता नहीं चला तो महिला अपने पति के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल सिविल लाइंस पुलिस आरोपी पप्पु शिवहरे की तलाश कर रही है।

सिविल लाइंस थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि आरोपी का फोन बंद है और उसकी लोकेशन सर्च की जा रही है। जांच के दौरान पता चला है कि आरोपी ने बिलासपुर ही नहीं बल्कि रायपुर व बेमेतरा में भी इस तरह की ठगी की घटना को अंजाम दिलाया है।

## सुसाइड नोट लिखकर शादीशुदा युवती ने की आत्महत्या

**मुंगेली।** मुंगेली जिले के लोरमी इलाके में एक शादीशुदा युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव के पास से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने अपने माता-पिता को संबोधित करते हुए लिखा है- मुझसे एक गलती हो गई है, इसलिए मैं मर रही हूं, मेरे पति को मत फंसाना, उन्हें तो कुछ पता ही नहीं है। मामला लालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोरखपुर का है।

जानकारी के मुताबिक, 26 वर्षीय संजना कुमारी अपने पति जगदीश डाहिरे और 4 साल की बेटी के साथ रहती थी। गुरुवार को उसका शव फांसी पर लटकता हुआ मिला था। बुधवार रात खाना खाकर जब पति और बच्ची सो गई, तो महिला ने उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और दूसरे कमरे में जाकर फांसी लगा ली।

## ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री का बैग सहित लैपटॉप पार, सीसी टीवी फुटेज से धराया चोर

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** इन दिनों ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर यात्री की असावधानी का चोर भरपूर फायदा उठा रहे हैं। इसकी वजह से चोरी की घटनाओं में भी बढ़ोत्तरी हो गई है। इसी कड़ी में 3 जनवरी को रायपुर रेलवे स्टेशन में एक यात्री कोरबा-विशाखापट्नम एक्सप्रेस के इंतजार में बैठा था। इस दौरान उसका लैपटॉप बैग के साथ चोरी हो गया। इस मामले में यात्री ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ 41(1) 4 crpc, 379 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई।

जांच के दौरान सीसी टीवी फुटेज में संदिग्ध पहले की गई। शुक्रवार की सुबह वही संदिग्ध रायपुर रेलवे स्टेशन में दिखा। संभवत: फिर से किसी यात्री का सामान चुराने की फिराक में घूम रहा था। इस दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। रेसुब पोस्ट रायपुर प्रभारी एमके मुखर्जी के नेतृत्व यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी का नाम करण यादव उर्फ गोलू यादव, बाजार चौक रायपुर है। आरोपी के पास से एचपी कंपनी का लैपटॉप मॉडल DESKTOP 5FR252M, Sr. No. CND732900WP, ब्लैक कलर कीमती 55 हजार बरामद किया गया।

## जादू-टोना के शक में बुजुर्ग की हत्या आधीरात घर से उठा ले गए बदमाश हत्या कर पेड़ पर टांग दी लाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** जिले में बुजुर्ग की हत्या का खौफनाक मामला सामने आया है। जादू-टोना के शक में बुजुर्ग की हत्या कर उसके शव को पेड़ पर लटका दिया। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा ओर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारा और पीएम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है जब बदमाश बुजुर्ग को ले गए उसकी पत्नी भी साथ में थी जिसे कमरे में बंद कर दिया गया। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार घोटिया गांव का रहने वाला बुजुर्ग दरियाव कुमेटी (70) अपनी पत्नी महंती और मां के साथ खेत के नजदीक बने कच्चे मकान में रहता था। वह बैगा का काम करता था। गुरुवार आधीरात को वह घर पर सोया हुआ था। इस दौरान आधी रात को घर में चार नकाबपोश पहुंचे और दरियाव कुमेटी को बाहर बुलाया। बुजुर्ग के बाहर आने के बाद उसकी पत्नी को कमरे में बंद कर दिया।

बुजुर्ग की पत्नी रात भर शोर मचाती रही लेकिन किसी ने दरवाजा नहीं खोला। उसे दो बेटे हैं जो अलग अलग रहते हैं। वहीं उसकी सास को सुन नहीं सकती तो उसने भी दरवाजा नहीं खोला। सुबह उसकी सास ने दरवाजा खोला तो बुजुर्ग की तलाश शुरू की गई। तलाश के दौरान घर से कुछ दूरी पर बुजुर्ग की लाश पेड़ पर लटकी मिली। उसके शरीर पर चोट के निशान हैं। बुजुर्ग की पत्नी के बयान के आधार पर पुलिस ने अज्ञात नकाबपोशों की तलाश शुरू कर दी है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

प्रोफार्मा – 10-02

सार्वजनिक अधिसूचना
प्रस्तावित 220 हज़ार वोल्ट एवं 33 हज़ार वोल्ट ए.सी. पावर लाईन क्रासिंग सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी

जन साधारण के सूचनार्थ (विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 164 एवं भारतीय तार अधिनियम 1885 के अंतर्गत निहित शक्तियों के आधार पर) के लिए अधिसूचित किया जाता है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के कुम्हारी चरोदा सेक्शन के बीच नेशनल हाईवे (NH-53) के माईल स्टोन 288-289 के मध्य 220 हज़ार वोल्ट सिंगल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन पूलिंग सब स्टेशन से PGCIL ग्रिड तक, की क्रासिंग बनायीं गयी है, जिसकी ऊंचाई सड़क की सतह से **17.5 मीटर** है। जिसे **दिनांक 10.01.2023 से उर्जित** माना जायेगा।

इसके साथ ही कुम्हारी चरोदा सेक्शन के बीच नेशनल हाईवे (NH-53) के माईल स्टोन 290-291 के मध्य 33 हज़ार वोल्ट डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन सोलर PV प्लांट से 33/220kV पूलिंग सब-स्टेशन तक, की क्रासिंग बनायीं गयी है, जिसकी ऊंचाई सड़क की सतह से **14 मीटर** है। जिसे **दिनांक 10.01.2023 से उर्जित** माना जायेगा।

ताकि, बहुत उंचाई वाले लोड **(माल एवं यात्री वाहनों)** को विद्युतमय **ओवरहेड** तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोंका जा सकें।

जन साधारण को एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट उंचाई का पालन करें और वह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड किसी भी स्थित में उंचाई का अत्तिलंघन ना करें, **साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि विद्युतमय लाईनों (33 केवी एवं 220 केवी) के सामीप्य में कोई भी व्यक्ति कार्य न करें न निकट जाने का प्रयास करें।**

अत्याधिक उंचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है:–
1. वाहन पर ले जाये जा रहे सामग्रियों या **ओवरहेड लाईनों** को खतरा।
2. चालकों/**यात्रियों** की खतरनाक समीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

PR/R/TRD/IP/195 वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता(कर्षण वितरण), द.पू.म.रे., रायपुर

South East Central Railway @secrail

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## निवेश कराकर लोगों से धोखाधड़ी, दुर्ग पुलिस ने चिटफंड कंपनी के अध्यक्ष सहित तीन को किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** चिटफंड कंपनी में ज्यादा लाभ का लालच देकर पहले निवेश कराया और मूच्यूरिटी पूरी होने के बाद भी रकम वापस नहीं की। ऐसे मामलों में दुर्ग पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में दुर्ग कोतवाली पुलिस ने विराट क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी मर्यादित दुर्ग के अध्यक्ष व कार्यकारिणी के दो सदस्यों सहित कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ दुर्ग पुलिस से धारा 420, 34 तथा निक्षेपको हितो के संरक्षण अधिनियम 2005 धारा 7, 10 के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के सुरजमान देवांगन, सुनीता बाई साहू, तुलाराम पटेल, राजेन्द्र कुमार सोनी, बाल कृष्ण देवांगन राजेश देवांगन तथा संतोष देवांगन आदि ने विराट क्रेडिट को आपरेटिव सोसायटी मर्यादित दुर्ग में निवेश किया था। मियाद पूर्ण होने के बाद भी पैसा वापस नहीं किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि सोसायटी का पंजीयन में शैलेन्द्र पंसारी अध्यक्ष तथा काजल पंसारी एवं अमृत राज आनंद कार्य कारणी सदस्य तथा इनके अलावा 8 अन्य सदस्यो कि जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने शैलेन्द्र पंसारी, काजल पंसारी व अमृतराज आनंद को गिरफ्तार किया गया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### 10 ग्राम पंचायतों के 03 सरपंच और 07 पंच के भाग्य का फैसला होगा 9 जनवरी को

**दुर्ग।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022-23 के अंतर्गत दुर्ग जिले के जनपद पंचायत दुर्ग ,पाटन और धमधा के 10 ग्राम पंचायतों के विभिन्न वार्डों में 07 पंच और 03 सरपंच का चयन होना है। जिसके लिए 9 जनवरी 2023 को प्रातः 7:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक मतदान के समय का निर्धारण किया गया है। मतदान की तत्काल पश्चात मतदान केंद्रों में ही मतगणना का कार्य मतदान दलों द्वारा संपन्न किया जाएगा।

### छेरछेरा के पुण्य अवसर पर कांग्रेस नेता ने राज्यपाल से मांगा दान

**दुर्ग।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक पर्व छेरछेरा की बधाई देते हुए कहा है कि इस पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ में लोग खलिहानों और घरों में जाकर धान और भेंट स्वरूप पैसों का दान मांगते हैं। छेरछेरा के पुण्य अवसर पर वे राज्यपाल अनसुईया उईके से भी दान मांग रहे हैं। राज्यपाल छत्तीसगढ़ की जनता को दान के रूप में विधानसभा में पारित आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर करें। राजेंद्र साहू ने आगे कहा कि प्रदेश के एससी-एसटी-ओबीसी और ईडब्लूएस वर्ग के लोगों की खुशहाली के लिए यह विधेयक लागू होना अत्यावश्यक है। आरक्षण लागू होने पर इन वर्गों के बच्चों के साथ-साथ आने वाली पीढ़ी को अच्छी शिक्षा और अच्छी नौकरी मिल सकेगी जिससे इन वर्गों के लोग धन्यधान्य से भरपूर होंगे। उन्होंने छेरछेरा के पुण्य अवसर पर राज्यपाल से इन वर्गों की खुशहाली और धन्यधान्य से भरपूर करने के लिए आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध किया है।

### लंगूरवीर मंदिर ट्रस्ट की सामान्य सभा की बैठक 8 को

**दुर्ग।** भगवान लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार दुर्ग पब्लिक ट्रस्ट की सामान्य सभा सह वार्षिक बैठक 8 जनवरी, रविवार को प्रातः 11 बजे मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में ट्रस्ट के वार्षिक आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा ट्रस्ट द्वारा वर्षभर किए जाने वाले कार्यक्रम आयोजन की चर्चा और कार्यक्रम प्रभारी की नियुक्त, पूर्व में आयोजित बैठक में पारित निर्णय का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुतिकरण एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषियों पर चर्चा की जाएगी।

### वित्त लेखा एवं अंकेक्षण विभाग प्रभारी दीपक साहू ने ली समिति सदस्यों के साथ बैठक

**दुर्ग।** एमआईसी कक्ष में वित्त व लेखा विभाग के प्रभारी दीपक साहू की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों के साथ बैठक गई।इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुमानित आय -व्यय बजट पर विस्तार से चर्चा की गई।साथ ही बजट में सभी पार्षदों से विकास कार्य हेतु सुझाव मांगने माननीय महापौर धीरज बाकलीवाल से अनुरोध किया गया।तथा सभी विभाग के प्रभारी और अधिकारियों से शीघ्र अपने अपने विभाग की जानकारी लेखा शाखा में प्रस्तुत करने अनुरोध किया गया ताकि शासन की मंशा के अनुरूप बजट समय पूर्व तैयार किया जा सके। बैठक में प्रमुख रूप से समस्त समिति के सदस्य श्रीमती गायत्री साहू,श्रीमती माहेश्वरी ठाकुर,अमित देवांगन, भास्कर कुंडले, लेखाधिकारी राजकमल बोरकर,योगेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

# विधायक देवेंद्र यादव की पहल से निर्मित हो रहा खुर्सीपार का पहला हाईटेक जीम

## युवाओं की मांग पर विधायक ने की पहल, 25 लाख की लागत से किया जा रहा निर्माण

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर निगम भिलाई के वार्ड 45 उदय मंडल ग्राउड बालाजी नगर में वल्ड क्लास जिम का निर्माण किया जा रहा है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से जिम का निर्माण किया जा रहा है। करीब 25 लाख की लागत से बनने वाले इस जिम में व्यायाम के हाई क्वालिटी अत्याधुनिक मशीनों की सभी तरह की सुविधाएं होगी।



गौरतलब है कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव समय-समय पर अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों से भेंट मुलाकात करते रहते हैं। लोगों से भेंट मुलाकात करने के लिए उनके वार्ड व मोहल्ले में जाते है। लोगों से मिलता है। लोगों का हालचाल पूछते हैं और उनकी समस्याओं को भी दूर करते हैं। इसी कड़ी में जब भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव खुर्सीपार क्षेत्र का दौरा कर रहे थे। लोगों से भेंटमुलाकत किए।

तब क्षेत्र के युवाओं ने विधायक से मांग की थी कि उनके क्षेत्र में एक भी जिम नहीं है। इसलिए उनके क्षेत्र में एक हाई क्लास जिम का निर्माण किया जाए। वार्डवासियों की मांग पर विधायक ने पहल की और वार्ड 45 उदय मंडल ग्राउंड बालाजी नगर में 25 लाख की लागत से जिम निर्माण की घोषणा की थी। घोषणा के साथ अब जिम के भवन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। तेजी से भवन निर्माण का काम चल रहा है। भवन निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही यहां अत्याधुनिक व्यायाम की मशीने लगाई जाएगी। यहां वल्ड क्लास की जिम बनाई जाएगी। जो पूरे क्षेत्र का इकलौता सरकारी जिम होगा, जहां बड़े-बड़े प्राइवेट जिम की तरह ही सभी प्रकार की सुविधाएं होगी। जिस तरह से युवाओं के लिए हाउसिंग बोर्ड में जिम बनाया गया है। उसी तरह से हाई क्लास जिम बनाएं जाएंगे।

### युवाओं के लिए बेहद जरूरी

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि युवाओं के फिटनेश के लिए जिम बहुत जरूरी है। जिम होना ही जरूरी नहीं है। बल्की रोज व्यायाम करना जरूरी भी जरूरी है। क्योंकि शरीर स्वास्थ्य होगा तो मन भी अच्छा रहेगा।

## महापौर धीरज बाकलीवाल के तीन साल का कार्यकाल बेमिसाल-जंघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दुर्ग नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष देवकुमार जंघेल ने एक विज्ञप्ति जारी कर महापौर धीरज बाकलीवाल के कार्यकाल के तीन साल को बेमिसाल बताया है। उन्होने कहा है कि जिस समय महापौर धीरज बाकलीवाल और उनकी परिषद ने दुर्ग नगर निगम की कमान हाथ में ली थी तो उन्हे विरासत में खाली खजाना मिला था और दुर्ग शहर ही नहीं बल्कि पूरा प्रदेश व देश कोरोना के खतरे से जूझ रहा था।

ऐसी विषम स्थिति में महापौर धीरज बाकलीवाल ने नगर निगम की बागडोर अपने हाथो में ली थी और अपनी विकास परक सोच के चलते उन्होने दुर्ग नगर निगम क्षेत्र का चहुमुखी विकास करने का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिवकुमार डाहरिया और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू व विधायक अरूण वोरा के मार्गदर्शन में उन्होने सिमित संसाधनों के बावजूद नगर के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। नागरिकों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया और कोरोना की चुनौती से भी कुशलता पूर्वक निपटने में वे सफल हुए।

जहां उन्होने नगर निगम के खाली खजाने को भरने के लिए राजस्व वसूली पर जोर दिया वहीं कोरोना के कहर से शहर के बाशिंदो को सुरक्षित रखने के लिए भागीरथ प्रयास किए। कोरोनाकाल में लोगों के सामने रोजगार का संकट गहरा गया था और रोज कमाने खाने वाले गरीब तबके के लोगों के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई थी।

इसलिए महापौर धीरज बाकलीवाल ने स्वयं सेवी संगठनों के सहयोग से जरूरतमंद लोगों तक कच्चा राशन और दिहाड़ी मजदूरों के लिए पके हुए भोजन के पैकेट पहंचाने का काम किया और लोगों को राहत पहुंचाई। इसके अलावा उन्होने दुर्ग शहर की बहुप्रतिक्षित आवश्यकता पिकनिक स्पॉट को विकसित करने 16 करोड़ रूपए की लागत से ठकड़ा बांध के सौंदर्यीकरण का काम शुरू किया जो लगभग आधा हो चुका है।

शीघ्र ही यह कार्य पूर्ण हो जाएगा और शहर की जनता को एक नई सौगात मिलेगी। इसी तरह छत्तीसगढ़ी कला व संस्कृति की झलक पेश करने के लिए लोककला मार्ग का निर्माण किया गया जो शहर के लिए आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बन गया है।

## यंगिस्तान कप 2023 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित यंगिस्तान कप 2023 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ आज रिसाली, राधिका नगर एवं खुर्सीपार में किया। समिति के युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय एवं सदस्यों द्वारा आज प्रभु श्रीराम के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर टूर्नामेंट की शुरूआत की गई।

इस दौरान समिति के युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय एवं अन्य सदस्यों ने मैदान में उपस्थित खिलाड़ियों से भेंट की एवं उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ समिति द्वारा आज भिलाई की सफाई अभियान की भी शुरूआत की गई एवं समस्तजनों से इस अभियान से जुड़कर भिलाई को स्वच्छ बनाने आह्वान किया गया।

समिति के युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित



इस क्रिकेट टूर्नामेंट के माध्यम से जहां एक ओर युवा प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं भिलाई की सफाई अभियान के साथ ही एक बार फिर भिलाई को स्वच्छ बनाने आमजनों को जागरूक करने समिति तत्पर है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय द्वारा चलाये गये 50 सप्ताह के स्वच्छता अभियान के प्रेरणा लेते हुए समिति ने इस अभियान की शुरूआत की है ताकि हर व्यक्ति स्वच्छता को अपनी आदत बनाये। श्री पाण्डेय ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से हमारा लक्ष्य न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है बल्कि लोगों में स्वच्छता की अलख भी जगाना है ताकि भिलाई एक बार फिर से स्वच्छ और सुंदर हो जाये। भिलाई की सफाई, गंदगी, कचरे और बीमारी से... के माध्यम से समिति लोगों को उनके स्वास्थ्य और क्षेत्र को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक करने प्रयास करेगी।

इस दौरान मुख्य रूप से समिति के प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर, जिलाध्यक्ष सेवकराम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, विष्णु पाठक, रविन्द्र भगत, प्रशांत पाण्डेय, गारगी शंकर मिश्रा, विनोद सिंह, रिंकू साहू, आदित्य टोपा, बंटी पाण्डेय, रविन्द्र सिंह, श्यामसुंदर राव, अंजय पाण्डेय, आशीष अग्रवाल, दिलीप केशरवानी, सागर शुक्ला, अंकित राजपूत, धर्मेंद्र भगत, सुधांशु सिंह, मुकेश सिंह, दीपक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। श्री पाण्डेय ने बताया कि यंगिस्तान कप 2023 के क्वालीफाइंग राउंड में कुल 158 टीमों ने हिस्सा लिया।

इस तरह से लगभग 2500 से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। क्वालीफाइंग राउंड से 6 टीमें ही आगे मुख्य लीग के लिए क्वालीफाई करेगी। टूर्नामेंट के पहले दिन आज रिसाली, राधिका नगर एवं खुर्सीपार मैदान में कुल 15 मैच खेले गये। जिसमें रिसाली में खेले गये पहले मैच में रूआबांधा और हुडको बी.एस.पी.की भिड़ंत हुई जिसमें रूआबांधा की टीम विजेता रही। वहीं दूसरा मैच वाईबीसीसी भिलाई और डोमिनेटर के बीच खेला गया जिसमें वाईबीसीसी भिलाई विजेता रही। इसी क्रम में तीसरे मैच में यंगस्टर, चौथे मैच में बीडी इलेवन व अंतिम मैच में सिंह इलेवन ने एकतरफा जीत हासिल की।

## नारियों का सम्मान करेंगे तो हम भी जगत से सम्मान पाएंगे-दीदी मंदाकिनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। श्रीराधा कृष्ण मन्दिर परिसर नेहरू नगर पूर्व में शुक्रवार को श्रीराम कथा का शुभारंभ दीदी माँ मन्दाकिनी श्रीरामकिंकर के श्रीमुख से हुआ। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम श्रीराम चरित मानस के माध्यम से अपने जीवन को परिवर्तित कर सकते हैं। यदि हम भगवान श्रीराम के चरित्र का अनुशरण करने का प्रयास करें तो निश्चित ही हमारे जीवन में परिवर्तन आएगा।




दीदी मंदाकिनी ने कहा भगवान राम ने एक अच्छे पुत्र, अच्छे पिता, अच्छे पति व अच्छे भाई के रूप में अपने जीवन को जिया।

भगवान राम ने जिस प्रकार अयोध्या वासियों के सम्मुख अपने जीवन का त्याग प्रस्तुत किया, वह अभूतपूर्व था। एक सामान्य पुरुष राज गद्दी के लिए सब कुछ करने के लिए तैयार होता है लेकिन उन्होंने पिता के वचनों को पूर्ण करने और मां कैकेयी के हर्ष के लिए वनवास जाना उत्तम समझा।

उन्होंने मानव समाज के समक्ष जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह वर्तमान में भी प्रासंगिक है। उससे प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन को उत्तम बनाना चाहिए। कल प्रथम दिवस की श्रीराम कथा में जिले के सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल भी पहुंची और दीदी मां मंदाकिनी का पुष्पहार से स्वागत उनका आशीर्वाद लिया। दीदी मन्दाकिनी रामकिंकर ने कथा में भगवान राम के जीवन आदर्शों का वर्णन करते हुए कहा कि नारियों को सम्मान देना जरूरी है। इस संसार में मां हमेशा से ही पूजनीय है। नारी एक मां, बहन, पत्नी और अलग-अलग रूपों में हमारे सामने आती है। उसका सम्मान करेंगे तो हम भी जगत से सम्मान पाएंगे। उन्होंने नारियों के प्रति होने वाले अत्याचार का विरोध करते हुए कहा कि भगवान राम और हनुमान की तरह माताओं का सम्मान करें। मंदिर प्रांगण में शाम 7 बजे से श्रीराम कथा सुनने बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। आज और कल भी यह श्रीराम कथा प्रांगण में होगी।

## वित्त लेखा एवं अंकेक्षण विभाग प्रभारी दीपक साहू ने ली समिति सदस्यों के साथ बैठक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम/ आज एमआईसी कक्ष में वित्त व लेखा विभाग के प्रभारी दीपक साहू की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों के साथ बैठक गई।इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुमानित आय -व्यय बजट पर विस्तार से चर्चा की गई।साथ ही बजट में सभी पार्षदों से विकास कार्य हेतु सुझाव मांगने माननीय महापौर धीरज बाकलीवाल से अनुरोध किया गया।तथा सभी विभाग के प्रभारी और अधिकारियों से शीघ्र अपने अपने विभाग की जानकारी लेखा शाखा में प्रस्तुत करने अनुरोध किया गया ताकि शासन की मंशा के अनुरूप बजट समय पूर्व तैयार किया जा सके।

बैठक में प्रमुख रूप से समस्त समिति के सदस्य श्रीमती गायत्री साहू,श्रीमती माहेश्वरी ठाकुर,अमित देवांगन, भास्कर कुंडले,विजेंद्र भारद्वाज,ज्ञानदास बंजारे एवं लेखाधिकारी राजकमल बोरकर, योगेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

### सफल 3 वर्ष पूर्ण होने पर विधायक ने महापौर परिषद एवं पार्षदों को दी बधाई

## शासन की योजना को सर्वहारा वर्ग तक पहुंचाने में निगम की भूमिका सराहनीय - अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग शहरी सरकार में नगर पालिक निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल की परिषद के कार्यकाल के 3 वर्ष पूर्ण होने पर वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, आयुक्त लोकेश चंद्राकर समेत समस्त अधिकारी कर्मचारियों, एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

पूर्व निर्धारित भंडारगृह निगम की बैठक में रायपुर निकलने से पूर्व उन्होंने महापौर बाकलीवाल के निवास पर जा कर उनसे भेंट की



एवं शुभकामनाएं दीं। वोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार आने के बाद से ही दुर्ग निकाय क्षेत्र विकास के नए आयाम देख रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को सर्वहारा वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में नगर निगम की भूमिका महत्वपूर्ण है जिसका वर्तमान परिषद ने पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन किया है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट से घर के द्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हो या फिर साफ सफाई, शुद्ध पेयजल , प्रकाश व्यवस्था एवं सड़क नाली निर्माण , 60 वार्डों में बिना भेदभाव के विकास कार्य देखने को मिल रहे हैं। पूर्व में अमृत मिशन योजना में काम कम भुगतान ज्यादा किया जाता था किंतु कांग्रेस परिषद ने अस्तित्व में आते ही फिल्टर प्लांट संधारण, पाइप लाइन विस्तार, नवीन पानी टंकी निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करवाया जिससे अब लोगों को पूर्ववर्ती शहरी सरकार के वक्त की तरह जनता को जनप्रतिनिधियों के साथ मटका लेकर पानी खोजने नहीं निकलना पड़ता। वार्ड वार्ड में प्रकाश एवं साफसफाई की व्यवस्था चाक चौबंद है। 60 वार्डों में करोड़ों रु से अधोसंरचना विकास के अतिरिक्त गौरव पथ निर्माण, मुक्तिधाम मार्ग चौड़ीकरण, ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट, सी मार्ट, सस्ती दवा दुकान संचालन कांग्रेस परिषद की बड़ी उपलब्धियां हैं। कोरोना काल मे भी दुर्ग शहरी सरकार ने ना सिर्फ पार्षद निधि से राशन वितरण की मिसाल रखी बल्कि उसके बाद प्रदेश भर में जरूरतमंदों के लिए ऐसी व्यवस्था लागू की गई। कोविड के कठिन समय मे निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने सेनेटाइजेशन, टीकाकरण एवं संक्रमण रोकने में अपनी महती भूमिका निभाई। वोरा ने कहा कि कांग्रेस ही जनहित एवं जनभावनाओं का सम्मान रखती है आने वाले समय मे दुर्ग निकाय क्षेत्र विकास के नए अध्याय लिखेगा।

## हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में राज्यपाल द्वारा की गई छः संकायाध्यक्षों की नियुक्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग में छत्तीसगढ़ की महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति, सुश्री अनुसुइया उइके ने 06 संकायाध्यक्षों की नियुक्ति हेतु नामों का अनुमोदन कर दिये हैं। राजभवन, रायपुर द्वारा जारी आदेश हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग पहुंचने पर विश्व विद्यालय के कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना आज जारी की गई।

यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव, अकादमिक डॉ. सुमीत अग्रवाल ने बताया कि ये नियुक्तियां छत्तीसगढ़ विष्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 27 (4) के अंतर्गत माननीय कुलाधिपति द्वारा की गई है। डॉ. सुमीत अग्रवाल ने बताया कि ये नियुक्तियां अधिसूचना जारी करने की तिथि 4 जनवरी से दो वर्ष की अवधि तक अथवा सेवा निवृत्त की तिथि तक जो भी पहले हो यह नियुक्तियां मान्य होगी। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि सामाजिक विज्ञान संकाय में संकायाध्यक्ष (डीन) हेतु शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव के अर्थषास्त्र के प्राध्यापक, डॉ. एम. एल. साव, विज्ञान संकाय के डीन के रूप में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव की गणित की प्राध्यापक, डॉ. शबनम खान, षिक्षा संकाय में श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई की डॉ. नीरा पांडे, वाणिज्य संकाय में शासकीय वी. वाय. टी. पीजी स्वषासी महाविद्यालय, दुर्ग के प्राध्यापक, डॉ. एच.पी. सिंह सलूजा, गृह विज्ञान में शासकीय वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग की प्राध्यापक, डॉ. अमिता सहगल तथा जीव विज्ञान संकाय में शासकीय वी. वाय. टी. पीजी स्वषासी महाविद्यालय, दुर्ग के प्राध्यापक, डॉ. अनिल कुमार की डीन के रूप में नियुक्ता का अनुमोदन किया गया है।

विश्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने समस्त नवनियुक्त संकायाध्यक्षों को बधाई देते हुए उन्हें विष्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों में रचनात्मक भूमिका अदा करने हेतु आग्रह किया है। कुलसचिव श्री भूपेन्द्र कुलदीप एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने आषा व्यक्त की है कि इन नये संकायाध्यक्षों के सहयोग से विष्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों को नई दिषा मिलेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950